आज का विचार
दोष निकालना सुगम है, उसे ठीक करना कठिन।।

दैनिक
# सिटी दर्पण
आईना सच का

8

RNI Regn No.: CHAHIN/2003/09265
Established 2003

चंडीगढ़, वीरवार, 18 अगस्त 2022 | वर्ष 20, अंक 113, मूल्य : 3 रुपये | www.citydarpan.com



# संसदीय बोर्ड से गडकरी और शिवराज को हटाया

## गडकरी ने 24 दिन पहले नागपुर में कहा था- मन करता है राजनीति छोड़ दूं

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने बुधवार को 11 सदस्यों वाली संसदीय बोर्ड और 15 सदस्यों वाली केंद्रीय चुनाव समिति की लिस्ट जारी की है। भाजपा ने बुधवार को नए संसदीय बोर्ड और चुनाव समिति का ऐलान किया है। 11 सदस्यों वाले संसदीय बोर्ड से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को हटा दिया गया है। नितिन गडकरी ने 24 दिन पहले यानी 24 जुलाई को नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान कहा था- मन करता है राजनीति छोड़ दूं। इस बयान के अभी महीने दिन भी पूरे नहीं हुए थे कि पार्टी संगठन की सबसे ताकतवर संस्था (केंद्रीय संसदीय बोर्ड) से केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की विदाई हो गई। गडकरी ने पिछले साल भी राजनेताओं पर एक और बयान दिया था, जो राजनीतिक गलियारे में काफी चर्चा में रहा। उन्होंने राजस्थान विधानसभा में एक सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा था- आजकल हर किसी की समस्या है, हर कोई दुखी है। जो मुख्यमंत्री बनते हैं, वो इसलिए परेशान रहते हैं कि पता नहीं कब हटा दिया जाए। विधायक इसलिए दुखी हैं, क्योंकि वो मंत्री नहीं बन पाए। मंत्री इसलिए दुखी हैं, क्योंकि उन्हें अच्छा विभाग नहीं मिला। अच्छे विभाग वाले इसलिए दुखी हैं, क्योंकि वो मुख्यमंत्री नहीं बन पाए। नार्थ ईस्ट को पहली बार प्रतिनिधित्वः नार्थ ईस्ट से सबानंद सोनोवाल को स्थान मिला है। वह असम के पूर्व मुख्यमंत्री रह चुके हैं। फिलहाल केंद्र में मंत्री है। नार्थ ईस्ट में उनका प्रभाव भी है। अगले साल नार्थ ईस्ट के कई राज्यों में चुनाव होंगे, जिसका सीधे तौर पर बीजेपी को फायदा मिलेगा। पहली बार नार्थ ईस्ट से किसी व्यक्ति को संसदीय बोर्ड में शामिल किया गया है। दलित के जरिए सियासी मैसेजः अगले साल मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने है। ऐसे में मध्य प्रदेश से आने वाले राज्यसभा सांसद सत्य नारायण जटिया को भाजपा ने संसदीय बोर्ड में शामिल करके बड़ा सियासी मैसेज दिया है। मध्य प्रदेश से आने वाले राज्यसभा सांसद सत्य नारायण जटिया को संसदीय बोर्ड में शामिल कर दलित समाज को साधने की कोशिश की है। इकबाल सिंह पूर्व आइपीएस हैं, जिन्होंने 2012 में बीजेपी जॉइन की। इसके पहले ये नेशनल कमिशन फॉर माइनॉरिटी के चेयरमैन भी रहे हैं। ये बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता रह चुके हैं। जब पंजाब में आतंकवाद का दौर था तब इकबाल सिंह एक्टिव पुलिस अफसर को रूप में सेवाएं दे रहे थे। इकबाल की बीजेपी के संसदीय बोर्ड में एंट्री से बीजेपी पंजाब के वोटर को खुश करना चाहती है। वहीं देशभर में फैले सिख समुदाय के लिए ये मैसेज देने की कोशिश है।

### 15 सदस्यीय चुनाव समिति में एक भी सीएम नहीं

इसके साथ ही भाजपा ने 15 सदस्यों की केंद्रीय चुनाव समिति का गठन किया है। भाजपा में पार्लियामेंट्री बोर्ड के बाद केंद्रीय चुनाव समिति को पार्टी की दूसरी सबसे ताकतवर संस्था माना जाता है। गडकरी और शिवराज को चुनाव समिति में भी जगह नहीं मिली है। इसके अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री जुएल ऊरांव, शाहनवाज हुसैन, पार्टी की पूर्व महिला मोर्चा की अध्यक्ष विजया रहाटकर को भी सीइसी से हटाया गया है। नए चेहरों में सबसे बड़ा नाम महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस का है। इसके अलावा भूपेंद्र यादव, ओम प्रकाश माथुर और महिला मोर्चा की अध्यक्ष वनथी श्रीनिवास नए चेहरे के तौर पर चुनाव समिति में शामिल किए गए हैं। इनके अलावा इस टीम में ढट मोदी, जेपी नड्डा, अमित शाह, राजनाथ सिंह के अलावा बीएस येदियुरप्पा, के लक्ष्मण, इकबाल सिंह लालपुरा, सुधा यादव, सत्यनारायण जटिया, बीएल संतोष को जगह दी गई है।

### संसदीय बोर्ड में पहली बार सिख को मिली जगह

संसदीय बोर्ड और चुनाव समिति में एक भी सीएम को भी जगह नहीं मिली है। वहीं 11 सदस्यों वाले नए संसदीय बोर्ड में पहली बार सिख समुदाय से इकबाल सिंह लालपुरा को शामिल किया गया है। लालपुरा पूर्व आइपीएस रह चुके हैं। फिलहाल वे अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हैं। वहीं बोर्ड में इस बार 6 नए लोगों को जगह दी गई है। इनमें कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा, असम के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्र में मंत्री सवार्नंद सोनोवाल, इकबाल सिंह लालपुरा, सुधा यादव, सत्यनारायण जटिया, के लक्ष्मण शामिल हैं। इनके अलावा बोर्ड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जेपी नड्डा, अमित शाह, राजनाथ सिंह और पार्टी के संगठन महासचिव बीएल संतोष को जगह मिली है।

### सुधा यादव भरेंगी सुषमा स्वराज की जगह

सुषमा स्वराज के देहांत के बाद भाजपा संसदीय बोर्ड में महिला की कमी खल रही थी। उस कमी को पूरा करने के लिए भाजपा ने हरियाणा से आने वाली सुधा यादव को शामिल किया है। सुधा यादव ओबीसी से आती है। भाजपा का निशाना पूरे देश के ओबीसी पर है।

## रोहिंग्या अवैध प्रवासियों को ईडब्ल्यूएस फ्लैट देने का कोई निर्देश नहीं: गृह मंत्रालय

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार को स्पष्ट किया है कि उसकी ओर से नई दिल्ली के बक्करवाला में रोहिंग्या अवैध प्रवासियों को ईडब्ल्यूएस फ्लैट देने का कोई निर्देश नहीं दिया गया है। मंत्रालय ने कहा कि दिल्ली सरकार ने रोहिंग्या को एक नए स्थान पर स्थानांतरित करने का प्रस्ताव रखा है। गृह मंत्रालय ने दिल्ली सरकार को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि रोहिंग्या अवैध विदेशी वर्तमान स्थान पर बने रहें।

गृह मंत्रालय पहले ही विदेश मंत्रालय के माध्यम से संबंधित देश के साथ उनके निर्वासन का मामला उठा चुका है। इसमें आगे कहा गया है कि अवैध विदेशियों को कानून के अनुसार उनके निर्वासन तक डिटेंशन सेंटर में रखा जाना है। दिल्ली सरकार ने वर्तमान स्थान को डिटेंशन सेंटर घोषित नहीं किया है। उन्हें तत्काल ऐसा करने के निर्देश दिए गए हैं। इससे पहले ऐसी भ्रम की स्थिति पैदा हुई थी कि केन्द्र सरकार रोहिंग्या को शरणार्थी का दर्जा देकर उनके रहने और सुरक्षा की व्यवस्था कर रही है।

ऐसा इसलिए हुआ था कि केन्द्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने ट्वीट कर इस बात की पुष्टि की थी। उन्होंने कहा था कि भारत हमेशा से शरण मांगने वालों लोगों को भारत में स्वागत करता है। इसी क्रम में एक फैसले के तहत सभी रोहिंग्या शरणार्थियों को दिल्ली के बक्करवाला इलाके में ईडब्ल्यूएस फ्लैट में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। उन्हें बुनियादी सुविधाएं, यूएनएचआरसी आईडी और 24 घंटे दिल्ली पुलिस की सुरक्षा उपलब्ध कराई जाएगी।

■ मंत्रालय ने कहा दिल्ली सरकार ने रोहिंग्या को एक नए स्थान पर स्थानांतरित करने का प्रस्ताव रखा है




## फोन कंपनी वीवो से जुड़ी 12 कंपनियों के फ्रीज बैंक खातों को ऑपरेट करने की अनुमति

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने चीनी स्मार्टफोन निमार्ता कंपनी वीवो से जुड़ी 12 कंपनियों के फ्रीज बैंक खातों को ऑपरेट करने की अनुमति दे दी है। जस्टिस यशवंत वर्मा ने कहा कि ये कंपनियां अपने बैंक खातों में हमेशा उतनी रकम रखेंगी, जितनी छापे के समय पाई गई थीं। कोर्ट ने इन कंपनियों को निर्देश दिया कि वे इन खातों से धन भेजने के 48 घंटे के अंदर ईडी को उसकी सूचना देंगे। इससे पहले 8 अगस्त को कोर्ट ने वीवो से जुड़ी 14 कंपनियों के फ्रीज बैंक खातों को ऑपरेट करने की अनुमति दी थी। इसके पहले 13 जुलाई को कोर्ट ने वीवो के फ्रीज बैंक खातों को शर्तों के साथ ऑपरेट करने की अनुमति दी थी। कोर्ट ने कहा था कि वीवो अपने खाते में कम से कम ढाई सौ करोड़ रुपये हमेशा रखे।

## तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने बुधवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने चेन्नई में 44वें शतरंज ओलंपियाड के उद्घाटन समारोह की शोभा बढ़ाने और राज्य के साथ सहयोग के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद स्टालिन ने ट्वीट किया, माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और तमिलनाडु के विकास से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने आगे कहा, मैंने शतरंज ओलंपियाड 2022 का उद्घाटन करने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। माननीय प्रधानमंत्री ने इस आयोजन की मेजबानी करने के भव्य तरीके की सराहना की और बताया कि यह भारत के लिए गर्व का क्षण था। स्टालिन ने इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भी शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति को अपनी शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के पदभार ग्रहण करने के बाद मुख्यमंत्री की उनसे यह पहली मुलाकात थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह परिस्थितियों के कारण मुर्मू और धनखड़ के शपथ ग्रहण समारोह में भाग नहीं ले सके थे।



## गुजरात में कांग्रेस को झटका, पूर्व मंत्री नरेश रावल और राजू परमार भाजपा में शामिल

**अहमदाबाद।** गुजरात विधानसभा के आगामी चुनाव की तैयारियां राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा, मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस और आम आदमी पार्टी समेत अन्य दलों ने शुरू कर दी है। इसके मद्देनजर नेताओं ने पाला बदलना भी शुरू कर दिया है। हार्दिक पटेल के बाद अब कांग्रेस के बुजुर्ग नेता एवं गुजरात के पूर्व गृहमंत्री नरेश रावल और पूर्व सांसद राजू परमार ने बुधवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। रावल के साथ उनके कई समर्थकों ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल ने सभी नेताओं को केसरिया पटका पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। पूर्व गृहमंत्री नरेश रावल ने कहा, कांग्रेस छोड़ने के कई कारण हैं। जिस पर वे अभी चर्चा नहीं करना चाहते।

# एनएसए अजीत डोभाल की सुरक्षा में चूक

## सीआईएसएफ के 3 कमांडो सेवा से बर्खास्त, दो अफसरों का भी तबादला

■ सुरक्षा कवर सीआईएसएफ की एसएसजी यूनिट द्वारा दिया जाता है

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** एनएसए अजीत डोभाल के आवास पर इस साल की शुरूआत में सुरक्षा में लापरवाही बरती गई। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के आवास पर सुरक्षा उल्लंघन में सीआईएसएफ के तीन कमांडो को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है और वीआईपी सुरक्षा इकाई के दो वरिष्ठ अधिकारियों को स्थानांतरित कर दिया गया है। सुरक्षा से जुड़े अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अजीत डोभाल को केंद्रीय वीआईपी सुरक्षा सूची के तहत 'जेड प्लस' श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त हैं। उन्हें सुरक्षा कवर सीआईएसएफ की एसएसजी यूनिट द्वारा दिया जाता है।



### कोर्ट ऑफ इंक्वायरी में की गई दंडात्मक कार्रवाई

**16 फरवरी** की घटना में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल द्वारा स्थापित कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के बाद दंडात्मक कार्रवाई की गई है, जिसमें 5 अधिकारियों को विभिन्न मामलों में दोषी ठहराया गया और उनके खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की गई। अधिकारियों ने कहा कि विशेष सुरक्षा समूह के तीन कमांडो को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। इस वीवीआईपी सुरक्षा इकाई के प्रमुख उप महानिरीक्षक और उनके दूसरे कमांडेंट रैंक के एक वरिष्ठ कमांडेंट का तबादला कर दिया गया है।

### 16 फरवरी को हुई थी घटना

**सुरक्षा में** सेंध 16 फरवरी को सुबह करीब साढ़े सात बजे हुई, जब बेंगलुरु के एक व्यक्ति ने मध्य दिल्ली में एनएसए अजीत डोभाल के उच्च सुरक्षा वाले घर में अपनी कार चलाने का प्रयास किया। बर्खास्त किए गए तीनों कमांडो उस दिन सुरक्षा व्यवस्था के तहत एनएसए के आवास पर मौजूद थे। उस व्यक्ति को आवास के बाहर रोका गया और दिल्ली पुलिस को सौंप दिया गया।

## एक्ट्रेस जैकलीन 200 करोड़ की ठगी मामले में आरोपी करार

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटर शिवेंद्र सिंह की पत्नी अदिति सिंह से कथित तौर पर 200 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में पटियाला हाउस कोर्ट में पूरक चार्जशीट दाखिल की है। इसमें ईडी ने बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को आरोपित बनाया है। ईडी अप्रैल में इस मामले में जैकलीन की सात करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर चुका है। ईडी की चार्जशीट के मुताबिक इस मामले के मुख्य आरोपित सुकेश चंद्रशेखर ने पांच करोड़ 71 लाख रुपये से ज्यादा के गिफ्ट दिए थे। सुकेश अपनी सहयोगी पिंकी ईरानी के जरिए जैकलीन को गिफ्ट पहुंचाने का काम करता था। इन गिफ्ट में 52 लाख रुपये का घोड़ा और 9 लाख रुपये की एक पारसी बिल्ली भी शामिल है। ईडी के मुताबिक सुकेश चंद्रशेखर ने जैकलीन को उपहार देने के लिए उस अवैध धन का इस्तेमाल किया जो उसने शिवेंद्र सिंह की पत्नी अदिति सिंह समेत दूसरे हाई-प्रोफाइल लोगों से धोखाधड़ी कर वसूला था।



## शहीद चंद्रशेखर हबोर्ला पंचतत्व में विलीन

**हल्द्वानी।** सियाचिन में ऑपरेशन मेघदूत के दौरान शहीद हुए चंद्रशेखर हबोर्ला बुधवार को पंच तत्व में विलीन हो गए। दोपहर बाद पूरे सैनिक सम्मान के साथ रानीबाग स्थित चित्रशिला घाट पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। शहीद चंद्रशेखर हबोर्ला के पार्थिव शरीर को उनकी दोनों बेटियों ने नम आंखों से मुखाग्नि दी और सेना के जवानों ने शहीद चंद्रशेखर को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस दौरान लोग शहीद चंद्रशेखर अमर रहे के नारे लगाते रहे। अंतिम संस्कार के दौरान शासन-प्रशासन और सेना के अफसरों के साथ बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। आज ही 24 वर्षीय शहीद चंद्रशेखर का पार्थिव शरीर डहरिया, धान मिल स्थित उनके आवास पर पहुंचा था।

## पत्राचाल मामले में ईडी की मुंबई में दो जगह छापेमारी

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की दो टीमों ने बुधवार को गोरेगांव पत्राचाल घोटाला मामले में मुंबई में दो ठिकानों पर छापेमारी की है। ईडी की ओर से इस कार्रवाई को बेहद गोपनीय रखा गया है, इसलिए छापेमारी का ब्योरा नहीं मिल सका है। बताया जा रहा है कि इस छापेमारी से शिवसेना नेता संजय राऊत की मुश्किलें बढ़ सकती है। उल्लेखनीय है कि गोरेगांव में कथित पत्राचाल घोटाला मामले की मनी लॉड्रिंग एंगल से ईडी छानबीन कर रहा है। इस मामले में संजय राऊत को ईडी ने 1 अगस्त को गिरफ्तार किया था। उस दिन विशेष कोर्ट ने राऊत को 4 अगस्त तक ईडी की हिरासत में भेज दिया था। इसके बाद 4 अगस्त को कोर्ट ने संजय राऊत की ईडी हिरासत 8 अगस्त तक के लिए बढ़ा दी थी। उसके बाद 8 अगस्त को ईडी ने संजय राऊत की हिरासत की मांग नहीं की थी। इसी वजह से कोर्ट ने संजय राऊत को 22 अगस्त तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

संजय राऊत की मुश्किलें बढ़ीं



## आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फेंके ग्रेनेड

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**शोपियां।** कश्मीर में शोपियां जिले के कुटपोरा इलाके में बुधवार सुबह सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ के दौरान कुछ देर गोलीबारी हुई। इस दौरान सुरक्षाबलों पर आतंकी ग्रेनेड फेंककर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। सुरक्षाबलों ने आतंकियों के ठिकाना बने मकान से हथियार और गोला बारूद बरामद किया हैं। आतंकियों को पकड़ने के लिए सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान जारी है। बताया जा रहा है कि जिस मकान में आतंकी छिपे थे, वह आतंकी आदिल वानी का है। पुलिस के अनुसार मंगलवार को चोटीगाम कुलगाम में कश्मीरी हिंदू सुनील कुमार की हत्या में आदिल वानी भी शामिल था। कुटपोरा शोपियां में आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर एसओजी, सेना और सीआरपीएफ के जवानों ने पूरे इलाके को घेरकर तलाशी अभियान शुरू किया। मगर अंधेरा होने के चलते सुरक्षाबलों को आतंकियों की तलाश करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। अभियान के दौरान सुरक्षाबल एक मकान की तरफ बढ़े। तभी इस मकान के भीतर छिपे आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इस बीच ग्रेनेड भी फेंका। इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी कुछ देर गोलीबारी की। आतंकियों ने कोई जवाबी फायर नहीं किया तब सुरक्षाबलों ने मकान की तलाशी ली। वहां कोई आतंकी मौजूद नहीं था। सुरक्षाबलों ने मकान के ऊपरी हिस्से से हथियार, गोला बारूद तथा अन्य संदिग्ध सामान बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि हथियारों की संख्या को देख यह लगता है कि आतंकी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे थे।



स्ट्रैटजी | चिराग और चाचा पशुपति को साथ लाएगी, छोटी पार्टियों को जोड़ेगी भाजपा

# बिहार में 2024 के लिए भाजपा की स्ट्रैटजी: 35 लोकसभा सीटों का टारगेट

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**पटना।** बिहार में नीतीश से झटका खाने के बाद भाजपा मिशन 2024 की तैयारी में जुट गई है। दिल्ली में कोर कमेटी की बैठक में पार्टी ने बिहार की 40 में से 35 लोकसभा सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए भाजपा 2014 की तरह एनडीए गठबंधन में छोटी-छोटी पार्टियों को भी जोड़ने की कोशिश करेगी।

पिछले 9 अगस्त को बिहार में भाजपा और नीतीश कुमार की पार्टी खऊब्र के बीच गठबंधन टूट गया था, जिसके बाद नई रणनीति बनाने के लिए दिल्ली में बैठक हुई। बैठक में बिहार भाजपा के सभी बड़े नेताओं के साथ गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा मौजूद थे। बिहार में भाजपा 'पोल खोल नीतीश कुमार' अभियान चलाएगी। शाह और नड्डा रैली भी करेंगे। इसमें बढ़ते अपराध के मुद्दे को जोर-शोर से उठाया जाएगा। भाजपा टूटी हुई लोजपा को फिर से जोड़ने पर काम करेगी।

चाचा पशुपति पारस और भतीजा चिराग पासवान को फिर से एक छत के नीचे लाया जाएगा। भाजपा संगठन और सदन में नए चेहरे को लाने की तैयारी में है, जिससे नीतीश कुमार से सीधी लड़ाई लड़ी जाए। पार्टी अपरकास्ट पर विशेष फोकस केरगी। गठबंधन टूटने के बाद भाजपा ने बिहार के सभी बड़े नेताओं को दिल्ली तलब किया गया था। इन नेताओं के साथ अमित शाह और जेपी नड्डा ने मीटिंग की। गठबंधन टूटने के बाद भाजपा ने बिहार के सभी बड़े नेताओं को दिल्ली तलब किया गया था। इन नेताओं के साथ अमित शाह और जेपी नड्डा ने मीटिंग की। नीतीश के सहयोगी रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह पर भी भाजपा की नजर है। सियासी गलियारों की चर्चा के मुताबिक सिंह 2024 में नीतीश के गृह क्षेत्र नालंदा से चुनाव लड़ सकते हैं। हाल ही में उन्होंने जेडीयू से इस्तीफा दिया था। इधर, बिहार कैबिनेट में अपर कास्ट को कम प्रतिनिधित्व देने का मुद्दा भी भाजपा उठाने की तैयारी में है। बिहार में लोकसभा की कुल 40 सीटें हैं। साथ ही यूपी, झारखंड और बंगाल बॉर्डर जुड़े होने की वजह से 10 और सीटों को यहां के मतदाता प्रभावित करते हैं। इसलिए बिहार को लेकर पॉलिटिकल पार्टियों का विशेष फोकस रहता है। नीतीश कुमार और उनकी पार्टी खऊब्र महागठबंधन के साथ मिलकर 2024 के लिए 40 सीट जीतने का प्लान तैयार किया है। इसके लिए बिहार की 40, झारखंड की 14 और बंगाल की 10 सीटें हैं। खऊब्र के पास वर्तमान में 16 सीटें हैं। नीतीश की कोशिश है कि बिहार के जिन सीटों पर भाजपा कम मार्जिन से चुनाव जीती है, उन सभी सीटों पर महागठबंधन को मजबूती से लड़ाया जाए। बिहार में 10 अगस्त को नीतीश कुमार ने तेजस्वी यादव के साथ मिलकर नई सरकार बनाई। तस्वीर उसी दिन की है।

■ नीतीश को सियासी मात देने के लिए भाजपा ने तैयार किया प्लान






# भगवंत मान ने हिमाचल निवासियों से पंजाब की तरह जन हितैषी सरकार बनाने की अपील की

## हिमाचल के लोगों को पंजाब में आप सरकार के लोक कल्याणकारी कार्य बताए

■ लोक कल्याण स्कीमों का विरोध करने के लिए मुख्यमंत्री मान ने प्रधानमंत्री की सख़्त आलोचना की, मोदी को जुमलेबाजी का उस्ताद बताया




भुपेंद्र शर्मा

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने हिमाचल प्रदेश के निवासियों से पंजाब की तरह जन हितैषी सरकार बनाने की अपील की और कहा कि हिमाचल प्रदेश में अब बदलाव का समय आ गया है।

आज यहाँ हिमाचल निवासियों को शिक्षा की पहली गारंटी देने के अवसर पर मुख्यमंत्री भगवंत मान और दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि अब वह समय आ गया है जब हिमाचल निवासियों को आम लोगों के लिए सख़्त मेहनत कर रही आप की कारगुजारी और देश को बर्बाद करने वाली रिवायती पार्टियों के खोखले वादों में से एक का चयन करना होगा। भगवंत मान ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की स्थिति भी मार्च, 2022 से पहले के पंजाब की तरह ही है। पंजाब की तरह यहां भी सिर्फ.रिवायती पार्टियों के बीच ही मुकाबला होता था।उन्होंने अफसोस जाहिर किया कि इन पार्टियों ने बेकार कारगुजारी का प्रगटावा करने के साथ-साथ टैक्स भरने वालों के पैसे को लूट कर लोगों को धोखा दिया है।

हालांकि, मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब में बदलाव की आँधी चली थी क्योंकि लोगों ने आप को बड़ी संख्या में वोटें डाल कर 92 विधायकों को शानदार जीत दिलाई थी। उन्होंने कहा कि रिवायती पार्टियों के दिग्गज नेता पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल, कैप्टन अमरिन्दर सिंह , चरणजीत सिंह चन्नी और पूर्व उप मुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल, बिक्रम सिंह मजीठिया और नवजोत सिंह सिद्धू को भी अपने हलकों से हार का मुंह देखना पड़ा। भगवंत मान ने उम्मीद जतायी कि मतदान के बाद हिमाचल में भी ऐसा ही दृश्य उभरेगा और राज्य में आप की सरकार बनेगी। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुये मुख्यमंत्री ने मोदी को जुमलेबाजी का उस्ताद बताया और 'आप' सरकार की लोक भलाई स्कीमों को मुफ़्तखोरी बता कर निंदा करने के लिए सख़्त शब्दों में आलोचना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने मित्रों को कई लाख करोड़ रुपए के लाभ दिए हैं। उन्होंने लोगों को याद करवाया कि नरेंद्र मोदी की तरफ से हर नागरिक के खाते में 15 लाख रुपए देने का वायदा किया गया था परन्तु उल्टा लोगों को बिना किसी योजना के लागू की गई नोटबंदी के कारण बहुत नुक्सान सहना पड़ा।

## दिल्ली के उपमुख्यमंत्री और पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री ने आम आदमी क्लीनिक का किया औचक दौरा



■ सिसोदिया और जौड़ेमाजरा ने राज्य सरकार के प्रतिष्ठित प्रोजैक्ट की शुरूआत पर संतोष जताया

दर्पण न्यूज सर्विस

चंडीगढ़/एस ए एस नगर। दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और पंजाब के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री चेतन सिंह जौड़ेमाजरा ने आज प्रातःकाल मोहाली के फेज-5 में पड़ते आम आदमी क्लीनिक का अचानक दौरा किया। दोनों ने राज्य सरकार के प्रतिष्ठित प्रोजैक्ट की शुरूआत पर संतोष जताये हुये वहां दी जा रही स्वास्थ्य सहूलतों का जायजा लिया। सिसोदिया ने पंजाब सरकार को इस बात पर बधाई दी कि लोगों के साथ किया बड़ा वायदा पाँच महीने के अंदर ही पूरा करते हुये 15 अगस्त से पूरे राज्य में 100 आम आदमी क्लीनिकों का आगाज कर दिया गया है।उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य एवं शिक्षा लोगों से जुड़े बुनियादी मुद्दे हैं जिनको सरकार सबसे अधिक प्राथमिकता दे रही है। दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और पंजाब के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री चेतन सिंह जौड़ेमाजरा आज प्रातः काल 8 बजे उक्त क्लीनिक में पहुँचे और उन्होंने क्लीनिक में मौजूद डाक्टरों और अन्य स्टाफ के इलावा वहां मौजूद मरीजों के साथ भी बातचीत की। दिल्ली के उप मुख्यमंत्री ने स्टाफ से क्लीनिक के कामकाज, दवाओं की उपलब्धता, जांच और इलाज आदि के बारे जानकारी ली।

PGI IMPORTANT ENQUIRY NUMBERS

| | |
|---|---|
| Emergency Enquiry (24 hrs) :- | 0172-2746018<br>0172-2746565<br>0172-2756464 |
| **Enquiry** | |
| Advanced Trauma Centre – 24 hrs :- | 0172-2755454 |
| Advanced Pediatric Centre- 24 hrs :- | 0172-2755858 |
| Advanced Cardiology Center- 24 hrs:- | 0172-2755353 |
| Advanced Eye Center(7am to 3pm) :- | 0172-2755252 |
| Nehru Hospital Enquiry(8am to 5pm):- | 0172-2755656 |
| Opd Enquiry (7am to 4pm):- | 0172-2756868<br>0172-2756969 |

Coaching Classes
for Maths & Science
from 8th -12th
Personal attention
RESULT ORIENTED
@Affordable Fees
Sector-32D, Chandigarh
9501011455

## फसलों के अवशेष की संभाल के लिए वितरित की मशीनों में घपले संबंधी विजिलैंस जांच के हुक्म दिए



दर्पण न्यूज सर्विस

चंडीगढ़। भगवंत मान सरकार द्वारा राज्य में साफ सुथरा प्रशासन देने के लिए पहले दिन से सख़्त हिदायतें जारी की गई हैं।जिसके चलते पिछली सरकारों में लोगों के पैसे की लूटपाट करने वाले सरकारी अधिकारियों और राजनैतिक नैताओं के खिलाफ बड़े स्तर पर कार्यवाही की जा रही। इसी मुहिम के अंतर्गत कृषि विभाग की तरफ से फसलों के अवशेष की संभाल के लिए किसानों को दी मशीनों के वितरण में प्राथमिक तौर पर 150 करोड़ रुपए का घपला होने की संभावना जताई गई है। कृषि मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच विजीलैंस से करवाने के लिए हरी झंडी दे दी है और फाइल मुख्यमंत्री भगवंत मान को भेज दी है।

कृषि मंत्री ने इस सम्बन्धी जानकारी देते हुये बताया पंजाब सरकार की तरफ से साल 2018-19 से साल 2021-22 तक सैंट्रल सैक्टर स्कीम प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकनाईजेशन फार इनसिटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रैजीड्यू (सी. आर. एम) लागू की गई थी।

उन्होंने बताया कि इस स्कीम के अधीन साल 2018-19 से साल 2021-22 तक दौरान लाभार्थी किसानों/रजिस्टर्ड किसान समूहों/सहकारी सभाओं/ एफ. पी. ओ और पंचायतों को कुल 90422 अलग-अलग मशीनें लाभार्थियों को मुहैया करवाई गई हैं।इन मशीनों में से 83986 मशीनें कृषि विभाग की तरफ से मुहैया करवाई गई थीं और बाकी रहती मशीनें रजिस्ट्रार सहकारी सभाओं की तरफ से मुहैया करवाई गई थीं।

कुलदीप सिंह धालीवल ने बताया कि स्कीम के अधीन फील्ड में से कई स्थानों से यह रिपोर्ट मिलने के उपरांत कि स्कीम के अधीन सब्सिडी और मुहैया करवाए गए यंत्र फील्ड में उपलब्ध नहीं हैं। जिसका गंभीर नोटिस लेते हुये सरकार की तरफ से साल 2018-19 से साल 2021-22 तक स्कीम के अधीन मुहैया करवाई गई मशीनों की लाभार्थियों के पास होने की फिजिकल वैरीफिकेशन करवाने का फैसला लिया गया।

## पंजाब सरकार दिव्यांगों की जायज मांगों पर हमदर्दी से करेगी विचार



दर्पण न्यूज सर्विस

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्य के नेत्रहीनों की जायज माँगों का जल्द ही हमदर्दी से विचार करके उनका हल करेगी।पंजाब के लोक निर्माण और बिजली मंत्री स. हरभजन सिंह ने पंजाब सरकार की तरफ से नेशनल फेडरेशन आफ दी ब्लाइंड, पंजाब ब्रांच और ब्लाइंड परसनज एसोसिएशन के साथ मीटिंग करने बाद में यह प्रगटावा किया।स. ई. टी. ओ. ने मुख्यमंत्री के कुछ जरूरी व्यस्तताओं के कारण इस मीटिंग की अध्यक्षता की।

स. ई. टी. ओ. ने बताया कि नेत्रहीनों की पंजाब के अलग-अलग विभागों में बैकलॉग कोटे के अंतर्गत पड़े खाली पदों को भरने, अपंग कर्मचारियों को दिया जाता स्पेशल अलाऊंस फिर लागू करने, अलग-अलग विभागों में अंगहीनों को पदोन्नत करने, शिक्षा विभाग में काम कर रहे तबला इंस्ट्रक्टरों के ग्रेड पे पर विचार करने, नेत्रहीन खिलाड़ियों को आम खिलाड़ियों की तरह सहूलतें मुहैया करवाने, अपंग पैंशन में विस्तार करने, नेत्रहीनों के लिए चलाए जा रहे सरकारी स्कूल, जमालपुर में स्टाफ और अन्य सहूलतें बढ़ाने, अपंग लड़कियों के लिए शगुन स्कीम, मनरेगा स्कीम में आरक्षण, पंजाब के निवासी नेत्रहीनों को भर्ती के समय डोमीसाईल के आधार पर नौकरी देने, दिव्यांगजनों की भलाई के लिए कमिश्नर डिसएबिलटी की नियुक्ति करने और अन्य माँगों पर विचार-विमर्श किया।

## सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्मार्ट स्कूल में आजादी दिवस मनाया

सतपाल काला , डॉ. सुनील धीर

सुल्तानपुर लोधी। गांव सिद्धवां दोनां के सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्मार्ट स्कूल में आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के अवसर पर मानव विकास संस्थान द्वारा आईटीसी मिशन सुनहरा कल के तहत स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया ,जिसमें निदेशक क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र कपूरथला डॉ. गुलजार सिंह संघेरा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे और राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया।

जिसके बाद एनसीसी के छात्रों के द्वारा राष्ट्र ध्वज को सलामी दी गई।इस अवसर पर मंच को संबोधित करते हुए निदेशक क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र कपूरथला डॉ. गुलजार सिंह संघेरा ने कहा कि 75वें स्वतंत्रता दिवस की सभी देशवासियों को बधाई हो ।उन्होने देश को आजाद कराने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी ।उन्होंने कहा कि आज भारत देश को स्वतंत्र हुए 75 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। उन्होने कहा कि जिन्होंने स्वतंत्रता की बलिवेदी पर अपने प्राण न्यौछावर किए, जीवन न्यौछावर किया और जो नेतृत्व करते हुए देश की सेवा



करते रहे उन सभी को हमेशा याद करते रहना चाहिए।उसके बाद स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया तथा तिरंगा यात्रा निकाल कर शहीदों को याद किया गया।अंत में मानव विकास की ओर से आईटीसी मिशन सुनहरा कल संस्थान की परियोजना निदेशक हीरा ने 75वें स्वतंत्रता दिवस पर सभी को शुभकामनाएं दी । उन्होंने कहा कि मानव विकास संस्थान की ओर से चलाए जा रहे आईटीसी मिशन सुनहरा कल का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को दूषित होने से बचाना है ।उन्होंने कहा कि हमारी संस्था की ओर से जिले में लाखों पेड़ लगायें जा रहे हैं ।इस अवसर पर मानव विकास संस्थान द्वारा चलाए जा रहे आईटीसी मिशन सुनहरा कल की तरफ से संस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया ।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ ।अंत में परियोजना निदेशक हीरा की तरफ से निदेशक क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र कपूरथला डॉ. गुलजार सिंह संघेरा, प्रिंसीपल बलविंदर सिंह, सरपंच जसविंदर सिंह व समूची ग्राम पंचायत को सम्मान चिन्ह व पौधे वितरित कर सम्मानित किया । इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉ बलविंदर सिंह ने आईटीसी मिशन सुनहरा कल की तरफ से किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की ।इस मौके पर मंच संचालन की भूमिका शाहबाज खान की ओर से बखूबी अदा की गई । इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल बलविंदर सिंह, सरपंच सरदार जसविंदर सिंह , मैडम मनजीत कौर ,सुमन शर्मा ,नीलम ,सरबजीत, आशा रानी ,जसविंदर सिंह ,जगदीप सिंह ,रमनदीप सिंह, मनजीत कौर ,सुषमा देवी, रवनीत कौर,शैली अरोड़ा ,बलविंदर सिंह मल्ली, परविंदर सिंह, कंवलजीत कौर, एनसीसी के अध्यापक अविनाश भल्ला, डा हरप्रीत सिंह ,संदीप सिंह ,सरवन सिंह ,उप चेयरमैन बलबीर सिंह ,प्रेमलाल ,गुरमेल सिंह सिद्धू व सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहे ।

## नए रेल लिंक के निर्माण कार्य तय समय पर मुकम्मल किए जाएं : विजय कुमार जंजूआ



चंडीगढ़। पंजाब के मुख्य सचिव विजय कुमार जंजूआ ने राज्य में नये रेल लिंक के निर्माण, रेलवे ओवर ब्रिज और अंडर ब्रिज, लाईनों के बिजलीकरन और सुरक्षा के पक्ष से रेल लाईनों के साथ लगते वृक्षों की छगांयी और कटाई सम्बन्धी मामलों के तत्काल हल के लिए सम्बन्धित विभागों को इस काम में तेजी लाने और तय समय के अंदर काम मुकम्मल करने के निर्देश दिए हैं।यह निर्देश राज्य निवासियों को बेहतर रेल नैटवर्क के साथ जोड़ने और पंजाब में रेलवे मंत्रालय से सम्बन्धित लम्बित मामलों को तेजी से निपटाने के लिए मुख्य सचिव की तरफ से उत्तरी रेलवे के जनरल मैनेजर आशुतोष गंगाल की समेत रेलवे के उच्च अधिकारियों और पंजाब से सम्बन्धित विभागों के प्रशासनिक सचिवों के साथ की उच्च स्तरीय मीटिंग के दौरान दिए।जंजूआ ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की तरफ से लोगों की सुविधा के लिए बेहतर रेल नैटवर्क को यकीनी बनाने के लिए इनसे सम्बन्धित लम्बित पड़े मामलों के तत्काल हल की वचनबद्धता के अंतर्गत आज की मीटिंग में सभी मामलों पर विचार किया गया।



चंडीगढ़ में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में हिंदू पर्व महासभा चंडीगढ़ की ओर से निकाली गई विशाल शोभायात्रा।

## बीबीएमबी ने 76वां स्वतंत्रता दिवस बोर्ड सचिवालय में बड़ी धूमधाम से मनाया

चंडीगढ़। बीबीएमबी ने 76वां स्वतंत्रता दिवस बोर्ड सचिवालय में बड़ी धूमधाम से मनाया। मुख्य अतिथि संजय श्रीवास्ताथव, अध्यबक्ष, बीबीएमबी द्वारा इस अवसर पर ध्वजारोहण की रस्मज अदा की गई।इस शुभ अवसर पर श्री संजय श्रीवास्तीव, अध्यषक्ष, बीबीएमबी ने धर्मपत्नी दिप्तीत श्रीवास्तयव और सांसकृतिक कार्यक्रम प्रस्तुयत करने आए बच्चों के साथ आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्यस में तिरंगे की आकार में 75 गुब्बारों को अवकाश की ओर छोड़ा। संजय श्रीवास्तव, अध्यक्ष, बीबीएमबी ने वर्चुअल माध्यम से जुड़े विभिन्न परियोजना स्टेशनों के सभी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बधाई दी और पिछले वर्ष में हासिल किए गए महत्वपूर्ण लक्ष्यों के साथ-साथ उन महत्वपूर्ण कार्यों से अवगत कराया।



## पंजाब सरकार सीबीजी प्लांटों से पैदा हुई आर्गेनिक खाद की कृषि और बागवानी में प्रयोग को करेगी उत्साहित : अमन अरोड़ा

■ अमन अरोड़ा और कुलदीप धालीवाल ने सीबीजी प्लांटों की खाद के प्रयोग को उत्साहित करने के तरीके संबंधी विचार-विमर्श किया



भुपेंद्र शर्मा

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री स. भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार कम्प्रैस्सड बायोगैस ( सी. बी. जी.) प्लांटों की तरफ से पैदा की जा रही फरमैंटेड आर्गेनिक मैन्योर (खाद) की कृषि, बागबानी और फूलों की कृषि में प्रयोग को उत्साहित करने की योजना बना रही है। यह जानकारी नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत मंत्री श्री अमन अरोड़ा ने आज यहां पेडा में समागम के बाद दी।

श्री अरोड़ा और उनके कैबिनेट साथी और कृषि मंत्री श्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने राज्य सरकार के सीनियर अधिकारियों और निवेशकों को एक व्यापक प्रणाली तैयार करने के लिए कहा जिससे इन सी. बी. जी. प्लांटों की तरफ से तैयार की जा रही खाद के प्रयोग को उत्साहित किया जा सके।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पंजाब ऊर्जा विकास एजेंसी (पेडा) की तरफ से धान की पराली और अन्य कृषि अवशेष पर आधारित कुल 492.58 टन प्रति दिन सामर्थ्य वाले 42 सी. बी. जी. प्रोजेक्ट पहले ही अलॉट किये गए हैं और कुल 33.23 टन सी. बी. जी. प्रति दिन के सामर्थ्य वाला एशिया का सबसे बड़ा सी. बी. जी. प्लांट हाल ही में संगरूर के गांव भुटाल कलां में कार्यशील किया गया है। इन सभी सी. बी. जी. प्लांटों के कार्यशील होने पर सालाना कम से कम 5 लाख टन फरमैंटिड आर्गेनिक खाद (एफओएम) पैदा होने की उम्मीद है।

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत मंत्री ने कहा कि इस खाद के प्रयोग से जमीन के पौष्टिक तत्वों, उपज, पौष्टिक गुणों, फसलों की गुणवत्ता में विस्तार होगा और उपज की जैविक और अजैविक तत्वों के प्रति सहनशीलता को बढ़ाएगी।इसके साथ

## पुलिस ने गोलक चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार किए

सतपाल काला , डॉ. सुनील धीर

सुल्तानापुर लोधी। थाना पुलिस ने गुरुद्वारा साहिब से गोलकें चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपमंडल सुल्तानपुर लोधी की पुलिस उपाधीक्षक डॉ मनप्रीत शिन्हामार ने प्रेस वार्ता को बताया कि नवनीत सिंह बैंस, आईपीएस, माननीय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, कपूरथला ने नशा मुक्ति के खिलाफ विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया है । इस अभियान के अंतर्गत हरविंदर सिंह, पुलिस कप्तान, जांच, कपूरथला, थाना सुल्तानपुर लौधी के मुख्य अधिकारी पुलिस थाना उप निरीक्षक जसपाल सिंह, एएसआई लखवीर सिंह गोंसल प्रभारी चौकी डल्ला के कुशल नेतृत्व में उस समय बड़ी सफलता हासिल की जब गांव तोती थाना सुल्तानपुर लोधी स्थित गुरुद्वारा साहिब में बीते दिन गुरुद्वारा साहिब के अंदर 2 गोलकों से करीब 25,000/- रुपये की चोरी की



शिकायत थाना सुल्तानपुर लौधी दर्ज कर जांच की गई। जांच के दौरान चौकी डल्ला के प्रभारी एएसआई लखवीर सिंह ने सोरसा बेस से चोरी की नई योजना बनाई लेकिन रामपुर जागीर चौक के पास जगजीत सिंह उर्फ जग्गा पुत्र चरनजीत सिंह व भजन सिंह पुत्र भजन सिंह गांव तोती निवासी दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया ।रुपए 550/- सहित, रॉड लोहा (जिसके साथ गोलकें तोडी गई) 350/- रुपये के सिक्के बरामद किए गए हैं, जिनसे पूछताछ में यह स्वीकार किया गया है कि जगजीत सिंह उर्फ जग्गा और लखविंदर सिंह पुत्र रेशम और धर्म सिंह के साथ चोरी की वारदात अंजाम दी गई ।

भरोसा

कैबिनेट सब-कमेटी ने परिवहन विभाग के ठेका मुलाजिमों को दिलाया भरोसा

# पंजाब सरकार ठेके पर रखे मुलाजिमों को पक्का करने संबंधी नीति के मसौदे को अपडेट करने पर कर रही है काम

भुपेंद्र शर्मा

चंडीगढ़। ठेके पर रखे मुलाजिमों को रेगुलर करने के लिए बनाई गई कैबिनेट सब-कमेटी ने परिवहन विभाग के मुलाजिमों को भरोसा दिलाया कि पंजाब सरकार ठेके पर रखे मुलाजिमों की सेवाओं को पक्का करने सम्बन्धी नीति के मसौदे को अपडेट करने पर लगातार काम कर रही है जिससे इसका अधिक से अधिक मुलाजिमों को लाभ मिल सके। कैबिनेट सब कमेटी की तरफ से आज यहाँ पंजाब भवन में कानूनी माहिरों की टीम की हाजिरी में ठेका आधारित मुलाजिम यूनियनों के नुमायंदों और परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ मीटिंग करके परिवहन विभाग में ठेका मुलाजिमों की सेवाओं को पक्का करने सम्बन्धी अलग-अलग पहलूओं पर चर्चा की।



मीटिंग को संबोधन करते हुये वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा और स्कूल शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने मुलाजिम जत्थेबंदियों की तरफ से दिए सुझावों का स्वागत किया। स. चीमा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान की हिदायतों अनुसार सब- कमेटी की तरफ से सम्बन्धित विभागों में नियुक्ति करने वाले मुलाजिमों सम्बन्धी नियमों की बारीकी से जांच की जा रही है जिससे ठेके पर रखे मुलाजिमों की सेवाओं को बिना किसी कानूनी अड़चन से पक्का किया जा सके। उन्होंने आगे कहा कि सब-कमेटी की तरफ से मुख्यमंत्री को इन सभी मीटिंगों के नतीजों संबंधी लगातार अवगत करवाया जा रहा है। पिछली सरकारों की तरफ से की गई कार्यवाहियों को केवल राजनैतिक चालें बताते हुये वित्त मंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों की तरफ से कार्यकाल के आखिरी साल में किये गए अस्पष्ट फैसलों के कारण ही ठेके पर रखे मुलाजिमों को इस स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मान सरकार इन मुलाजिमों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए मिशन मोड पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सभी कानूनी अड़चनों को ध्यान में रखते हुये सब-कमेटी का गठन किया गया है, जिससे ऐसे ढंग अपनाए जा सकें जिनको अदालतों में चुनौती न दी जा सके। इससे पहले पनबस और पी. आर. टी. सी समेत परिवहन विभाग में ठेके पर रखे मुलाजिमों की अलग-अलग यूनियनों के नुमायंदों ने अपने-अपने मामलों संबंधी सब-कमेटी को अवगत करवाने के अलावा हल भी पेश किये। वित्त मंत्री ने पनबस और पी. आर. टी. सी. के अधिकारियों को यूनियनों की तरफ से दिए सुझाव सम्बन्धी दस्तावेज सब-कमेटी को सौंपने के लिए कहा।

## पंजाब से 'आप' सांसद संजीव अरोड़ा ने राज्य सभा के मानसून सत्र में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

लुधियाना। पंजाब से 'आप' सांसद संजीव अरोड़ा ने राज्यसभा के मानसून सत्र में भाग लेने में अच्छा प्रदर्शन किया है। राज्यसभा सदस्य के रूप में उनका कार्यकाल 10 अप्रैल, 2022 से शुरू हुआ था। और, राज्य सभा सदस्य के रूप में अपने पहले सत्र में उनकी उपस्थिति 16 में से 15 थी। अरोड़ा ने कृषि, आवास और शहरी विकास, नागरिक उड्डयन, रेलवे, कौशल विकास, वाणिज्य, उद्योग और कपड़ा सहित विभिन्न मंत्रालयों से संबंधित कुल 29 प्रश्न पूछे। ये सवाल जनहित और जनकल्याण से जुड़े थे। आधार वर्ष से किसानों की आय में वर्तमान वृद्धि क्या है और रेलवे द्वारा बड़े शहरों के पास छोटे रेलवे स्टेशनों का उपयोग करने के लिए प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर भीड़भाड़ कम करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं।



## जरा सोचो

### पंजाब सरकार जागो



डॉ. दलेर सिंह मुल्तानी
सिविल सर्जन
(सेवानिवृत्त), पंजाब।

पंजाब सरकार जागो
प्रदूषण पर लगाएं रोक
जनता कर रही संघर्ष
उद्योग बना रहे बहाने
हवा पानी में जहर मिला रहे
प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड का पेट भर रहे
एम जी टी को अंगूठा दिखा रहे
फसलों को धूल में मिटा रहे
पशुओं को मार कर खत्म कर रहे
इन्सानों की बलि चढ़ा रहे
मुल्तानी प्रदूषण नहीं हटा रहे
केवल अपने आपको ही रजा रहे।।

दैनिक सिटी दर्पण
नवोन्मेषकः स्व. कृष्णा शर्मा
स्व. गीता शर्मा
संस्थापक : सतपॉल शर्मा

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भुपेंद्र शर्मा द्वारा इंप्रेशन्ज़ प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड प्रेस, प्लॉट न. 22, ग्राउंड फ्लोर, फेस-2, इंडस्ट्रियल एरिया, पंचकूला - 134113 (हरियाणा) पर मुद्रित एवं 801/1 सेक्टर-40ए, चंडीगढ़ से प्रकाशित।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर संपादक की सहमती हो अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का केंद्र न्यायालय चंडीगढ़ होगा।

स्थानीय कार्यालय
801/1, सेक्टर-40 ए, चंडीगढ़।
संपर्क: 7888450261
Email:
citydarpan1@gmail.com

JKM Welfare Foundation

# हाई पॉवर परचेज कमेटी ने लगभग 1000 करोड़ रुपये से अधिक की खरीद को दी मंजूरी

**पुलिस के तीन मुख्य एजेंडों को भी मंजूरी प्रदान की गई : मनोहर लाल**

**■ मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई एचपीपीसी की बैठक**



**भुपेंद्र शर्मा**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आज यहाँ उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (एचपीपीसी) और विभाग उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (डीएचपीपीसी) की बैठक हुई, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा की जाने वाली 1000 करोड़ रुपये से अधिक के सामान और वस्तुओं की खरीद को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में गृह मंत्री अनिल विज, शिक्षा मंत्री कंवर पाल, परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, बिजली मंत्री रणजीत चौटाला, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जे पी दलाल, सहकारिता मंत्री डॉ बनवारी लाल और श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री अनूप धानक भी मौजूद रहे। बैठक के उपरांत मीडिया से बातचीत करते हुए मनोहर लाल ने कहा कि बैठक में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, हैफेड, हरियाणा बीज विकास निगम, हरियाणा राज्य भंडारण निगम, हरियाणा एग्रो इंडस्टरीज कॉरपोरेशन, पुलिस, हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद, प्रारंभिक शिक्षा विभाग, एचवीपीएनएल, डीएचवीबीएन, यूएचबीवीएन और ट्रेजरी विभाग सहित 10 विभागों के कुल 18 एजेंडा रखे गए थे, जिसमें से 16 एजेंडे को मंजूरी दी गई। हरियाणा पुलिस के जवानों को गश्त के लिए अब नई मोटरसाइकिलें मिलेंगी। पुरानी व कंडम हो चुकी मोटरसाइकिलों को अब रोड से हटाया जाएगा। बुधवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में हुई हाई पावर परचेज कमेटी की बैठक में 733 स्पलैंडर मोटरसाइकिलों की खरीद को मंजूरी प्रदान की गई है। उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (डीएचपीपीसी) की बैठक में 1000 करोड़ रुपये से अधिक के सामान और वस्तुओं की खरीद को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में पुलिस कर्मियों के लिए मोटरसाइकिलों की खरीद के अलावा कैदियों के लिए इस्तेमाल होने वाली 31 बसों की खरीद को भी मंजूरी दी गई। इसके अलावा किसी प्रकार के धरने-प्रदर्शन तथा दंगों से निपटने के लिए हरियाणा पुलिस को आधुनिक वाटर कैनन वाहन दिए जाने पर भी सहमति बनी है। जिसके चलते आज की बैठक में 14 वाटर कैनन वाहनों की खरीद को मंजूरी दी गई है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि अधिकांश एजेंडे बिजली विभाग से संबंधित थे और पुलिस के तीन मुख्य एजेंडों को भी मंजूरी प्रदान की गई।

# मुख्यमंत्री ने उद्घाटन से पहले ही खुलवाया 731 मीटर लंबा फोरलेन

**■ गुरुग्राम के अतुल कटारिया चौक का निरीक्षण करने पहुंचे थे मुख्यमंत्री मनोहर लाल**



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को गुरुग्राम के अतुल कटारिया चौक का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पर जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पुरानी दिल्ली रोड पर बनाए गए 731 मीटर लंबे फोरलेन फ्लाईओवर व उसके साथ के सर्विस रोड को भी खुलवा दिया है। हालांकि इनका विधिवत उद्घाटन बाद में किया जाएगा लेकिन मुख्यमंत्री ने आम लोगों की सहूलियत के लिए इसे पहले ही खुलवा दिया। इस अवसर पर परिवहन मंत्री श्री मूल चंद शर्मा भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि जब से हमारी सरकार प्रदेश में आई है, हमने गुरुग्राम के विकास पर पूरा ध्यान दिया है। आखिरकार यह हमारी आइकॉन सिटी है, एक-एक करके हमने यहां कई फ्लाइओवर व अंडरपास बनाए, इससे यहां की कनैक्टिविटी में सुधार हुआ। अभी इस दिशा में और भी काम चल रहे हैं। इससे गुरुग्राम में ट्रैफिक जाम से निजात मिला है। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों को वह समय भी याद होगा जब गुरुग्राम में एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने में घंटों लगते थे। मनोहर लाल ने कहा कि पुरानी दिल्ली रोड पर अतुल कटारिया चौक गुरुग्राम के सबसे व्यस्त चौराहों में से एक है, जहां प्रतिदिन काफी संख्या में वाहनों का आगमन होता है। ऐसे में लोगों को जाम से निजात दिलाने के लिए वर्तमान राज्य सरकार ने फ्लाइओवर का निर्माण करवाया है, जिसे अब जनता के लिए खोल दिया गया है। इससे कापसहेड़ा बॉर्डर के जरिए दिल्ली से गुरुग्राम के बीच कनेक्टिविटी में सुधार सम्भव हुआ है। इसके अलावा सर्विस रोड भी अब सार्वजनिक उपयोग के लिए खोल दिए गए हैं ताकि फ्लाईओवर और सर्विस रोड दोनों से यातायात की भीड़ को कम करने में मदद मिलेगी। इस दौरे के दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री ने शीतला माता मंदिर से महाराणा प्रताप चौक मार्ग पर बन रहे 1.094 किलोमीटर लम्बाई के फोरलेन अंडरपास पर चल रहे कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने 2 अक्टूबर तक अंडरपास के बचे हुए सभी कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

# खरखौदा में मारुति सुजुकी के प्लांटों का प्रधानमंत्री मोदी 28 को करेंगे शिलान्यास

**■ 900 एकड़ में लगेंगे दो प्लांट**



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**खरखौदा।** हरियाणा के सोनीपत जिले में आईएमटी खरखौदा में स्थापित होने वाले मारुति सुजुकी के प्लांटों का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। खरखौदा आईएमटी में 28 अगस्त को शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसकी एचएसआईआईडीसी महकमे द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई हैं।

खरखौदा आईएमटी में मारुति सुजुकी द्वारा जहां कार निर्माण के लिए 800 एकड़ जमीन खरीदी गई हैं। वहीं सुजुकी मोटरसाइकिल द्वारा 100 एकड़ जमीन पर अपना मोटरसाइकिल निर्माण के लिए प्लांट स्थापित किया जाना है। जिसे लेकर जमीन अधिगृहण का काम बीते दिनों पूरा किया जा चुका है। मारुति की तरफ से बीते दिनों ही अगस्त माह के अंत में प्लांटों का शिलान्यास करने की संभावना जताई गई थी, जिस पर एचएसआईआईडीसी की तरफ से मुहर लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 28 अगस्त के कार्यक्रम के माध्यम से दोनों प्लांटों की शिलान्यास करने की बात कहते हुए तैयारियों को शुरू करने के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है।

मारुति की तरफ से फिलहाल इस कार्यक्रम की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है लेकिन एचएसआईआईडीसी की तरफ से अपनी तैयारियों को शुरू कर दिया गया है। जिसमें स्थानीय स्तर पर अधिकारियों की बैठक से लेकर आला स्तर पर भी अधिकारी व्यवस्था को बनाने की तैयारियों में जुट गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दोनों प्लांटों का शिलान्यास करेंगे।

# एसडीएम गन्नौर का नपा में औचक निरीक्षण, नदारद कर्मियों को नोटिस

**■ एसडीएम अधिकारियों और कर्मचारियों का नगरपालिका में इंतजार करते रहे**



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**सोनीपत।** एसडीएम सुरेंद्र दून ने बुधवार को अचानक नगर पालिका कार्यालय में पहुंच गए। वो अधिकारियों और कर्मचारियों का इंतजार करते रहे। गैरजिम्मेदारी को देखते हुए एसडीएम ने गैरहाजिर अधिकारियों व कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है।

एसडीएम सुरेंद्र दून ने बताया कि यदि अधिकारियों व कर्मचारियों ने निर्धारित समय में नोटिस का जवाब नहीं दिया गया तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्हें लोगों की ओर से लगातार शिकायतें मिल रही थी कि नगरपालिका में अधिकारी व कर्मचारी समय पर कार्यालय में नहीं पहुंचते। इसलिए वह बुधवार की सुबह करीब नौ बज कर 10 मिनट पर नगरपालिका कार्यालय में पहुंचे। कार्यालय में एक भी अधिकारी मौजूद नहीं मिला। कुछ ही देर बाद कुछ नगरपालिका कर्मचारी कार्यालय में पहुंचे, तो एसडीएम ने उन्हें फटकार लगाई। कार्यालय में समय पर पहुंचने के निर्देश दिए।

एसडीएम सुरेंद्र दून ने बताया कि नपा सचिव प्रदीप खर्ब व एमआईएस एक्सपर्ट प्रियव्रत सोनीपत सरकारी ड्यूटी पर थे, जिस वजह से उन्हें कारण बताओ नोटिस नहीं दिया गया। उनके अलावा बाकी सभी गैर हाजिर अधिकारियों व कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया है।

# खेतों में पॉलिथिन में बंद कन्या का भ्रूण बरामद

**जींद।** गांव भीखावाला खेतों में पॉलिथिन में बंद कन्या का भ्रूण सिंचाई पानी की नाली में मिलने से हडकंप मच गया। भ्रूण लगभग छह माह का दिखाई दे रहा है। समय से पूर्व प्रसव करवा भ्रूण को पॉलिथिन में बंद कर पानी में फेंका गया था। सदर थाना नरवाना पुलिस ने गांव के पूर्व सरपंच की शिकायत पर अज्ञात महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव भीखावाला के निवर्तमान सरपंच जयपाल अपने खेत में बरमे से पानी देने गया हुआ था। अचानक बरमे से पानी की लिफ्टिंग कम हो गई। जब उसने बरमा लगे स्थान पर जाकर देखा तो वहां पर पॉलिथिन का लिफाफा अटका हुआ था। जब उसने लिफाफे को खोल कर देखा तो उसमें कन्या का भ्रूण था और उसकी मौत हो चुकी थी। अंग पूरी तरह विकसित हो चुके थे। भ्रूण लगभग पांच माह का दिखाई दे रहा था। जिससे साफ जाहिर था कि समय से पूर्व प्रसव करवाया गया है। फिर खुर्द बुर्द करने की पॉलिथिन में डाल कर उसे पानी में फेंक दिया और पॉलिथिन में बहता हुआ कन्या का भ्रूण खेत तक जा पहुंचा। भ्रूण मिलने की सूचना पाकर सदर थाना नरवाना पुलिस मौके पर पहुंच गई।

# मुख्यमंत्री के काफिले ने कार को मारी टक्कर, बुजुर्ग महिला जख्मी



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री के काफिले की कार ने गांव अटाली के पास मोहना मार्ग पर सामने से आ रही एक कार को सीधी टक्कर मारी। कार में सवार 75 वर्षीय महिला घायल हो गई। उसे एस्कार्ट फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया है। बुधवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल गांव शाहजहांपुर के बलिदानी मनोज कुमार के परिवार को सांत्वना देने के लिए आए थे। उन्हें सांत्वना देने के बाद मुख्यमंत्री को गांव चांदपुर से हेलिकाप्टर में बैठकर चंडीगढ़ के लिए रवाना होना था। इसके लिए उनका काफिला मोहना मार्ग से फरीदाबाद के लिए आ रहा था। इसी दौरान गांव अटाली के पास सामने से आ रही एक मारुति स्विफ्ट कार में मुख्यमंत्री के काफिले की कार ने सीधी टक्कर मारी। इस घटना में कार में सवार 65 वर्षीय महिला विजय विरमानी घायल हो गई। उन्हें एस्कार्ट फोर्टीज अस्पताल में भर्ती कराया है। वे दो दिन पहले पंजाब लुधियाना से अपने भतीजे पवन अरोड़ा से मिलने सेक्टर-55 आई थीं। बुधवार को वह वापस कार से लुधियाना जा रही थी। कार को उनका बेटा हनी विरमानी चला रहा था। उनके साथ कार में पुत्र वधू जसलीन और दो छोटे बच्चे थे। थाना छांयसा प्रभारी सुरेंद्र कुमार का कहना है कि विजय विरमानी को घायल होने पर पहले छांयसा के अस्पताल में उपचार कराया गया। महिला छांयसा अस्पताल में पूरी तरह से स्वस्थ थी। उनके सिर वगैरा में चोट न हो, इसलिए एस्कार्ट्स फोर्टिस में भर्ती कराया गया है। वहां पर उनका सीटी स्कैन कराया जाएगा, ताकि जांच पूरी तरह से की जा सके।

# साई कुरुक्षेत्र के 3 वॉलीबॉल खिलाड़ियों का भारतीय टीम के लिए हुआ चयन



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) कुरुक्षेत्र के 3 वॉलीबॉल खिलाड़ियों का चयन भारतीय वॉलीबॉल टीम के लिए हुआ है। इन खिलाड़ियों के चयन से साई कुरुक्षेत्र में जश्न का माहौल है। इस शानदार उपलब्धि पर साई की क्षेत्रिय निदेशिका ललिता शर्मा व साई प्रभारी कुलदीप सिंह वडैच ने वॉलीबॉल कोच राहुल सांगवान व खिलाड़ी शेख तुरण, लवी चौधरी व अभिषेक सांगवान को बधाई दी है।

साई प्रभारी कुलदीप सिंह वडैच ने खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि साई कुरुक्षेत्र के 3 वॉलीबॉल खिलाड़ियों का 18 वर्ष से कम आयुवर्ग की भारतीय वॉलीबॉल टीम में चयनित होना अपने आपमें एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। इस समय में भारतीय वॉलीबॉल टीम के 12 सदस्यों में 3 सदस्य कुरुक्षेत्र साई सेंटर के ही है। इसके लिए प्रशिक्षक राहुल सांगवान को सारा श्रेय जाता है। इस प्रशिक्षक की मेहनत के कारण ही साई कुरुक्षेत्र के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मुकाम हासिल कर रहे है। इससे पहले भी वॉलीबॉल के खिलाड़ी जूनियर भारतीय वॉलीबॉल टीम में अपना शानदार प्रदर्शन दिखा चुके है। साई वॉलीबॉल प्रशिक्षक राहुल सांगवान ने कहा कि साई कुरुक्षेत्र के तीनों खिलाड़ी ईरान में 22 अगस्त तक चलने वाली एशियन वॉलीबॉल चैंपियनशिप में भारतीय वॉलीबॉल टीम की तरफ से खेलेंगे। इस टीम में 25 फीसदी खिलाड़ी साई कुरुक्षेत्र के खेल रहे है जो कि साई कुरुक्षेत्र के लिए गर्व और बड़ी उपलब्धि की बात है। उन्हें उम्मीद है कि इस चैंपियनशिप में भारतीय वॉलीबॉल टीम बेहतरीन प्रदर्शन करेगी और देश के लिए उपलब्धि हासिल कर-के लौटेगी।

# पार्टी सिंबल पर पंचायत चुनाव नहीं लड़ेगी कांग्रेस: भुपेंद्र सिंह हुड्डा

**■ पिछड़ा वर्ग को इसी पंचायत चुनाव में मिले आरक्षण का लाभ**



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि प्रदेश में पिछड़ा वर्ग को इन्हीं पंचायत चुनाव में आरक्षण का लाभ दिया जाना चाहिए। सरकार को इस मामले में त्वरित कार्रवाई करने की जरूरत है।

बुधवार को चंडीगढ़ में हुई विधायक दल की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में हुड्डा ने यह मांग उठाते हुए कहा कि शामलात भूमि पर आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर सरकार को भूमि अधिनियम में संशोधन करना चाहिए। हरियाणा कांग्रेस विधायक दल की बैठक में यह दो प्रस्ताव पास किए गए हैं।

विधायक दल की बैठक में कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष उदयभान विशेष रूप से मौजूद रहे। हुड्डा ने कहा कि बैठक में निर्णय लिया गया कि निकट भविष्य में होने पंचायत चुनाव पार्टी चुनाव चिह्न पर नहीं लड़े जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने जानबूझकर पंचायत चुनाव को लटकाया। इसकी वजह से गांवों का विकास ठप हो गया और पंचायत प्रतिनिधियों की गैर-मौजूदगी में जमकर भ्रष्टाचार हुआ। कांग्रेस की मांग है कि इन्हीं चुनावों में पिछड़ा वर्ग का अधिकार सुनिश्चित किया जाए। सरकार द्वारा हाल ही में गठित पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट पेश करके इस वर्ग को आरक्षण का लाभ दिया जाए। हुड्डा ने कहा कि विधायक दल की बैठक में शामलात भूमि पर आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले बारे भी मंथन हुआ। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार ने जय सिंह बनाम स्टेट केस में ठीक ढंग से पैरवी नहीं की। अब सरकार ने जमीनों के इंतकाल पंचायतों के नाम करने का आदेश जारी कर दिया है। इस फैसले से गांव में अफरा-तफरी का माहौल है। क्योंकि कई-कई वर्षों से लोग इस भूमि पर बसे हुए हैं। कइयों ने जमीन आगे बेच भी दी है। ऐसे में उन्हें यहां से बेदखल करना सही नहीं होगा। इसलिए सरकार को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर ग्राम शामलात भूमि चंकबंदी अधिनियम में बदलाव करना चाहिए।

हुड्डा ने बताया कि 28 अगस्त को यमुनानगर में होने वाला विपक्ष आपके समक्ष कार्यक्रम अब 11 सितंबर को होगा। क्योंकि 28 अगस्त को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की तरफ से दिल्ली में महंगाई के खिलाफ हल्ला बोल रैली होने जा रही है।

# सरकारी स्कूल के मिड डे मील के खाने में मिली छिपकली

**■ स्कूल के 80 बच्चों को दिया जाना था खाना**



**दर्पण न्यूज सर्विस**

फरीदाबाद। चंदावली स्थित सरकारी स्कूल में मिड डे मील के तौर पर पहुंचाए गए दलिये में बुधवार को छिपकली मिलने का मामला सामने आया है। सुबह करीब नौ बजे स्कूल में मिड डे मील पहुंचाया गया था। मिड डे मील की जांच के दौरान इंचार्ज और शिक्षकों ने खाने के बर्तन में छिपकली देखी। इसके बाद तुरंत मामले की सूचना शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दी गई। साथ ही स्कूल की तरफ से बाकी स्कूल मुखियाओं को भी इस बारे में सूचित किया गया। इसके बाद खाना वापस लौटा दिया गया और बच्चों को नहीं बांटा गया।

यह सूचना मिलने के बाद जिले के कुछ दूसरे स्कूलों ने भी बच्चों को खाना नहीं बांटा, जबकि कई स्कूलों ने खाना बंटा है। चंदावली स्कूल में छठी से आठवी कक्षा के करीब 80 बच्चों के लिए खाना आता है। सुबह संस्था की ओर से स्कूलों में मिड डे मील की सप्लाई की जाती है और करीब 11 बजे तक खाना बांटा जाता है। स्कूल की मिड डे मील इंचार्ज ने बताया कि सुबह बच्चों को बांटने से पहले ही मिड डे मील में छिपकली देख ली थी। इसके बाद इस बारे में संस्था को सूचना देकर खाना वापस कर दिया था। जबकि शिक्षा विभाग को भी मामले की जानकारी दे दी थी। किसी बच्चे को खाना नहीं दिया गया है। जिला खंड शिक्षा अधिकारी सतीश चौधरी का कहना है कि स्कूल से शिकायत मिलने के बाद हमारी टीम से सेक्टर-7 में जाकर पूरे किचन का दौरा किया है। हालांकि खामी कहीं नहीं मिली है। संस्था को सुझाव दिया है कि जहां मिड डे मील रखा जाता है वहां ऊपर जाली लगाकर कवर किया जाए।

# गेमिंग कम्पनी के साथ हुई ठगी, हरियाणा पुलिस की साइबर टीम ने बचाये 30 लाख रुपये

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस की राज्य अपराध शाखा ने पंचकूला स्थित एक गेमिंग कंपनी के साथ साइबर जालसाज द्वारा की गई ठगी के मामले में तेजी से प्रभावी कार्रवाई करते हुए यूजर के खाते में जमा 30 लाख रुपये को फ्रिज करने में कामयाबी हासिल की है। इसके अतिरिक्त, साइबर टीम ने जनवरी और जुलाई, 2022 के बीच साइबर अपराधियों की रफतार पर ब्रेक लगाते हुए आम जनता के करीब 11 करोड़ रुपये उनके बैंक खातों में वापस लाने में भी मदद की है। अपर पुलिस महानिदेशक, राज्य अपराध शाखा हरियाणा, श्री ओपी सिंह ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पंचकूला स्थित एक गेमिंग कंपनी के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर ने 1930 में शिकायत दर्ज कर जानकारी दी कि एक एप्लिकेशन यूजर ने उनके साथ 35 लाख रुपये की साइबर ठगी की है। 14 अगस्त को कंपनी की खाता रिपोर्ट तैयार करते समय पता चला कि 11 अगस्त को एक यूजर के वॉलेट में 35 लाख रुपये अनधिकृत जमा हुए हैं

**जायजा** — मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा भी लिया

# स्वास्थ्य सेवाओं में मील का पत्थर साबित होगा मां अमृता आनंदमयी अस्पताल: मनोहर लाल

**■ कहा, यह अस्पताल मानवता की दिशा में बड़ा कदम है**



**भुपेंद्र शर्मा**

**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि फरीदाबाद में मां अमृता आनंदमयी द्वारा स्थापित किया गया 2400 बिस्तर का अस्पताल इस क्षेत्र का सबसे बड़ा और अत्याधुनिक सुविधाओं वाला अस्पताल है। यह अस्पताल आने वाले समय में देश की बेहतरीन सेवाओं में मील का पत्थर साबित होगा। इसके लिए मां अमृता आनंदमयी को प्रदेश की जनता की तरफ से साधुवाद हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल बुधवार को अमृता अस्पताल में मां अमृता आनंदमयी से आशीर्वाद लेने के बाद उनसे बातचीत कर रहे थे।

इस दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आने वाले समय में अस्पताल में बड़ी संख्या में मरीज व उनके परिजन इलाज के लिए पहुंचेंगे। इससे यहां सार्वजनिक परिवहन सेवाओं की ज्यादा जरूरत पड़ेगी। ऐसे में ग्रेटर फरीदाबाद सहित अमृता अस्पताल के लिए बेहतरीन सार्वजनिक परिवहन सेवाओं को विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल मानवता की दिशा में बड़ा कदम है और उन्हें जिस भी मदद की जरूरत होगी प्रदेश सरकार हमेशा उसके लिए तैयार मिलेगी। उन्होंने कहा कि सिटी बस सर्विस की सेवाओं को भी यहां तक पहले से ही विस्तार दे दिया गया है। इसके अलावा एफएमडीए द्वारा ग्रेटर फरीदाबाद में एक अलग से बस डिपो भी स्थापित करने की प्रक्रिया जारी है। इस दौरान मां अमृता आनंदमयी ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल को आशीर्वाद देते हुए कहा कि उनका सपना है कि कोई भी व्यक्ति अच्छी स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे। इसी सोच के साथ उन्होंने कोच्चि के बाद फरीदाबाद में यह दूसरा अस्पताल स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि वह स्वयं तो केरला में रहती है और यहां अस्पताल आप सभी लोगों को ही संभालना है। उन्होंने मदद के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद भी किया। इस पर मुख्यमंत्री ने मां अमृता आनंदमयी का आभार जताया कि हरियाणा सरकार मानवता के लिए किए गए इस बेहतरीन कार्य के लिए हमेशा साथ खड़ी है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारियों का निरीक्षण भी किया और अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, तिगांव से विधायक राजेश नागर, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, मुख्यमंत्री के राजनैतिक सचिव अजय गौड़, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार अमित आर्य, मीडिया कार्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ, स्वामी अमृताश्वरुपानंद पुरी, स्वामी निजामृतानंदपुरी, अमृता अस्पताल के निदेशक डॉ. संजीव सिंह, एडीजीटी सीआईडी आलोक मित्तल, मंडल आयुक्त संजय जून, पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा, उपायुक्त यशपाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# भीम आर्मी ने की अशोक गहलोत सरकार को बर्खास्त करने की मांग

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**हिसार।** राजस्थान के जालौर जिले के सुराणा गांव में स्थित सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में हुए जातीय प्रकरण और दलित बच्चे इन्द्र मेघवाल की टीचर की पिटाई से मौत के मामले में हिसार में दलित संगठनों ने प्रदर्शन किया। भीम आर्मी, बसपा, पिछड़ा वर्ग जागृति संघ आदि के पदाधिकारियों ने बुधवार को एकत्रित होकर लघु सचिवालय के समक्ष रोष प्रदर्शन किया और डीसी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। इस दौरान रोषित दलितों ने देश से जातिवाद खत्म करने की मांग उठाई।




प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे एडवोकेट रजत कल्सन, एडवोकेट बजरंग इंदल, भीम आर्मी जिलाध्यक्ष प्रदीप भानखड़, प्रवक्ता संतलाल अंबेडकर ने कहा कि विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ता व संगठनों की तरफ से राष्ट्रपति एक ज्ञापन भेजकर राजस्थान की पक्षपाती व जातीय मानसिकता से ग्रसित अशोक गहलोत सरकार को तुरंत बर्खास्त करने की मांग उठाई। भीम आर्मी के नेतृत्व में हुए रोष प्रदर्शन पर ज्ञापन देते हुए कहा गया कि केवल मटकी से पानी पीने पर आठ वर्षीय दलित छात्र इंद्र मेघवाल की इतनी पिटाई की गई की कि उसकी मौत हो गई।

यह घटना पूरी मानवता को शर्मशार करने वाली है। इससे पहले पाली जिले में जितेंद्र मेघवाल की हत्या कर दी गई थी। उस मामले में भी राजस्थान सरकार पीड़ितों को न्याय नहीं दे सकी, उल्टा अशोक गहलोत सरकार का दलितों खासकर इन्द्र मेघवाल के मामले में खुलकर पक्षपाती रवैया अपनाया है। जब पीड़ित परिवार न्याय मांगने के लिए सडकों पर आया तो अशोक गहलोत सरकार ने जबरन लाठीचार्ज करवा दिया था जो निंदनीय है। एडवोकेट रजत कल्सन, बजरंग इंदल व प्रदीप भानखड़ ने कहा कि कुछ महीने पहले उदयपुर के कन्हैया लाल दर्जी के मामले में अशोक गहलोत सरकार ने तुरंत पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपए व दो सरकारी नौकरी दी थी जबकि इंद्र मेघवाल की कीमत गहलोत सरकार ने दलित होने की वजह से केवल पांच लाख लगाई है।

# सिदरा के एक घर में छह शव मिलने से सनसनी



■ मरने वालों में महिला और बच्चे भी शामिल

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर से बड़ी खबर है।जम्मू के सिदरा इलाके में एक परिवार के छह सदस्य अपने आवास पर मृत पाए गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि एक परिवार के छह सदस्य बुधवार को यहां अपने घर पर संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाए गए हैं। मृतकों की पहचान सकीना बेगम, उनकी दो बेटियों नसीमा अख्तर और रुबीना बानो, बेटे जफर सलीम और दो रिश्तेदारों हबीबुल्ला के बेटे नूर-उल-हबीब और फारूक के बेटे सजाद अहमद के रूप में हुई है।

सिदरा इलाके में एक घर में दो शव, जबकि दूसरे घर में चार शव मिले हैं। पुलिस ने कहा कि शवों को यहां के सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भेज दिया गया है। पुलिस दल इलाके में पहुंच गए हैं। जांच शुरू कर दी गई है।

मौत के कारणों का अभी पता नहीं चला है। एक अधिकारी ने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद चीजें साफ हो जाएंगी।

# राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे केजरीवाल: भाजपा

## कहा, रोहिंग्या घुसपैठिये भारत की सुरक्षा के लिए खतरा हैं

■ रोहिंग्या को दिल्ली में ईडब्ल्यूएस श्रेणी में आवास दिए जाने को लेकर दिनभर आप और भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर आरोप लगाया कि वे रोहिंग्या के मुद्दे पर राष्ट्रीय सुरक्षा को ताक पर रखकर तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे हैं। पार्टी ने कहा कि रोहिंग्या घुसपैठिए भारत की सुरक्षा के लिए खतरा हैं। रोहिंग्या को दिल्ली में ईडब्ल्यूएस श्रेणी में आवास दिए जाने को लेकर आज दिन भर आम आदमा पार्टी और भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अभी कुछ समय पहले ऐसी समाचार रिपोर्ट आईं, जिसमें जो तथ्य थे वो जनता को गुमराह करने के लिए थे। उस पर गृह मंत्रालय ने स्पष्टीकरण दिया है। मोदी सरकार की स्पष्ट नीति है कि राष्ट्र सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि रोहिंग्या घुसपैठिए हमारे देश की अखंडता के लिए खतरा हैं। हमारे देश का कानून ये कहता है कि इनको डिपोर्ट किया जाएगा और ये क्षेत्राधिकार गृह मंत्रालय का है। देश के गृह मंत्रालय ने इस पर स्पष्टीकरण दिया है, जो बहुत महत्वपूर्ण है। तो ऐसा क्यों हुआ कि 29 जुलाई को हुई बैठक में, जिसकी अध्यक्षता दिल्ली के चीफ सेक्रेटरी ने की उसमें जल्दबाजी में एक फैसला किया गया कि इन सभी घुसपैठियों को ईडब्ल्यूएस के लिए बन रहे घरों में बसाया जाएगा।

भाटिया ने कहा कि मोदी सरकार की स्पष्ट नीति है कि राष्ट्र सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा। गृह मंत्रालय ने स्पष्ट कर दिया है कि मंत्रालय ने गैर कानूनी तरीके से रह रहे रोहिंग्या घुसपैठियों को ईडब्ल्यूएस के फ्लैट देने का दिल्ली सरकार को कोई निर्देश नहीं दिया गया है। क्योंकि इन अवैध घुसपैठियों के निर्वासन का मुद्दा गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय के माध्यम से संबद्ध देश के साथ उठा चुका है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि गृह मंत्रालय ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया है कि वह सुनिश्चित करे कि अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या अपने वर्तमान स्थान पर ही रहें और उन्हें किसी अन्य स्थान पर शिफ्ट न किया जाए।

भाटिया ने आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल पर यह भी आरोप लगाया कि उनके सोशल मीडिया एकाउंट विदेशी फंडिंग से चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज ऐसी मीडिया रिपोर्ट्स सामने आई है कि आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल के सोशल मीडिया एकाउंट विदेशी फंडिंग से चल रहे हैं और विदेशी धरती से ही इनकों चलाया जा रहा है।

# शिंदे गुट भालू और फडणवीस मदारी, शिवसेना का हमला

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**मुंबई।** महाराष्ट्र की शिंदे-फडणवीस सरकार पर शिवसेना ने हमला बोला है। शिवसेना ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट को भालू की उपमा देते हुए उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को मदारी करार दिया है। शिवसेना के मुखपत्र सामना के संपादकीय में पार्टी से बगावत कर भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनाने वाले शिंदे गुट की कड़ी आलोचना की गई है।

सामना ने लिखा है कि विधानसभा का मानसून सत्र बुधवार से शुरू हो रहा है। महाराष्ट्र पर मूसलाधार बारिश और महाप्रलय का साया है। खेती, घर, मवेशियों का बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। लोग बह गए। घर-संसार भी बह गया। लेकिन शिंदे, फडणवीस गुट की जो सरकार स्थापित हुई है, वह राज्य की चिंता की बजाय खुद की चिंता से ग्रसित है। स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव मनाया गया लेकिन इस महोत्सव में महाराष्ट्र के हिस्से अमृत के दो कण तो छोड़िए, महाराष्ट्र लाचारी और गुलामी की बेड़ियों में जकड़ा नजर आ रहा है। विभाग बंटवारे से स्पष्ट हो रहा है कि शिंदे गुट भालू बन गया और मदारी फडणवीस महोदय हैं। भाजपा द्वारा फेंके गए टुकड़ों और खोखे पर शिंदे गुट को इसके आगे गुजारा करना पड़ेगा। विभाग बंटवारे के शिंदे बाद गुट में नाराजगी के भीगे पटाखे फूटने लगे। इसका मतलब पहले यह गुट ठाकरे सरकार पर नाराज था और अब नई व्यवस्था पर नाराज है। आखिर में "लेन-देन" के व्यवहार से कोई सरकार बनती है तो दूसरा क्या होगा? शिंदे देना बैंक हैं, ऐसा कुछ विधायक बोल रहे थे। शिंदे ने खुद के लिए मुख्यमंत्री पद हासिल किया, लेकिन यह क्षणिक साबित होगा।

शिंदे गुट तो विभाग बंटवारे के चक्रव्यूह में फंस गया है। एक-दो मंत्रियों को आबकारी, उद्योग जैसे विभाग मिले। बाकी तो सूखे ही हैं। अब्दुल सत्तार राज्य के कृषि मंत्री बने और केसरकर शिक्षा मंत्री हुए। अब केसरकर राणे के स्कूल जाएंगे कि राणे केसरकर की क्लास लगाएंगे? लेकिन खुद को राजहंस समझनेवालों को भाजपा ने बगुला बना दिया है। और उन बगुलों की फड़फड़ाहट शुरू हो गई है। शिंदे गुट के कुछ उतावले विधायक यह राज्य यानी बाप का राज्य होने जैसा बर्ताव करने-बोलने लगे हैं। शिवसैनिकों का हाथ नहीं तोड़ पाए तो पैर तोड़ेंगे, ऐसी भाषा विधायक प्रकाश सुर्वे ने बोली है। शिंदे गुट और उनके लोग यानी रेंगनेवाले प्राणी हैं क्या? क्या उनके पास अंग और इंद्रियां नहीं हैं?

# महाराष्ट्र विधानमंडल के वर्षाकालीन अधिवेशन के पहले दिन आक्रामक दिखा विपक्ष

■ महाराष्ट्र के बारिश प्रभावित किसानों को आर्थिक मदद करे सरकार : नाना पटोले

■ महाविकास आघाड़ी के तीनों सहयोगी दलों के विधायकों ने विरोध प्रदर्शन किया

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानमंडल के वर्षाकालीन अधिवेशन के पहले दिन आक्रामक विपक्ष ने विधानसभा में बारिश प्रभावित किसानों को तत्काल मदद करने की मांग की। महाविकास आघाड़ी के तीनों सहयोगी दलों के विधायकों ने विधानभवन की सीढ़ियों पर बैठकर राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

मुंबई में विधानमंडल के वर्षाकालीन अधिवेशन के पहले दिन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने विधानसभा में कहा कि सूबे के गढ़चिरौली, चंद्रपुर यहां तक उपमुख्यमंत्री का नागपुर जिले में भारी बारिश की वजह लोगों में त्राहि- त्राहि मची हुई है। इसलिए सभागृह में सभी कामकाज रोककर सिर्फ बारिश पर चर्चा की जानी चाहिए और बारिश प्रभावितों को तत्काल मदद की जानी चाहिए। इसके बाद उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि बारिश प्रभावित जिलों में नुकसान का जायजा लिया जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने कहा कि विपक्ष को आज सदन में राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के अभिनंदन प्रस्ताव पर चर्चा करनी चाहिए। बारिश प्रभावित किसानों पर गुरुवार को चर्चा किए जाने का समय दिया जाएगा। अध्यक्ष की बात को मानते हुए विपक्ष कामकाज में शामिल हुआ। मुंबई में हो रहे वर्षाकालीन अधिवेशन के पहले दिन सुबह 10 बजे ही विपक्षी विधायकों ने विधानभवन परिसर में इकट्ठा होकर राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विपक्षी विधायकों ने राज्य सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि सरकार को आए 45 दिन हो चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिए गए हैं। राज्य की कानून व्यवस्था चरमरा गई है। सरकार विपक्ष को दबाने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। विपक्षी विधायकों ने कहा कि राज्य में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है, लेकिन सरकार की ओर से प्रभावित किसानों को किसी भी तरह की मदद नहीं दी जा रही है। विपक्षी विधायकों ने राज्य सरकार को असंवैधानिक बताते हुए शिंदे समूह पर बेईमानी कर सरकार बनाने का भी तंज कसा।

# नवादा में 3 सहेलियों की संदिग्ध मौत, एसपी ने दिए जांच के आदेश

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नवादा।** नवादा जिले के नगर थाना इलाके के महुली गांव में तीन सहेलियों की एक साथ संदिग्ध मौत हुई है। बुधवार को जानकारी मिलते ही एसपी कोरमंगला ने जांच के आदेश दिए हैं। तीनों महुली गांव के चौहान टोला की निवासी थी। 12 अगस्त की रात की घटना बताई जा रही है। 13 अगस्त की सुबह दो सहेलियां मृत पाई गई। तीसरे की मौत इलाज के क्रम में हो गई। तीनों शवों का अंतिम संस्कार उनके परिजनों द्वारा कर दिया गया। जिसकी भनक तक भी किसी को नही लगी। तीनों में दो कुंवारी और एक विवाहित बताई गई हैं। कमजोर तबके से आती थी।

घटना से गांव में मातम पसरा है, लेकिन परिवार के लोग थाना पुलिस तक बात को लेकर नहीं पहुंचे। वजह क्या रही यह जांच में साफ होगा। एक ग्रामीण ने बुधवार को नाम ना छापने की शर्त पर पुलिस को यह जानकारी दी। तब कहीं मीडिया कर्मियों के बीच का मामला सामने आ सका अबतक सिर्फ इतनी बात छनकर सामने आ रही है कि जहर खाने से तीनों की मौत हुई। अब बड़ा सवाल है की तीन दोस्तों ने एक साथ ऐसा कदम क्यों उठाया? ऐसा क्या हुआ कि एक साथ जीवन लीला को समाप्त कर ली? कहीं यह हत्या तो नहीं है? बातें कई प्रकार की कही जा रही है, लेकिन तीनों की मौत और शव का अंतिम संस्कार कर दिए जाने से साक्ष्य काफी हद तक मिट चुका है।

इस बाबत नगर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है।घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल करेंगे.जो तथ्य सामने आएगी उस अनुरूप आगे की कार्रवाई की जाएगी। एसपी डा गौरव मंगला ने नगर थानाध्यक्ष को जांच का निर्देश दिया है।

# कांग्रेस ने विधायक पवन काजल को कार्यकारी अध्यक्ष से हटाया, भाजपा में शामिल होने की तैयारी

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**शिमला।** विधानसभा चुनाव से पहले हिमाचल प्रदेश कांग्रेस में अहम बदलाव हुआ है। कांग्रेस हाईकमान ने कांगड़ा के कांग्रेस विधायक पवन काजल को प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष पद से हटा दिया है। उनकी जगह पर्व सांसद चंद्र कुमार को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।अखिल भारतीय कांग्रेस महासचिव एन वेणुगोपाल ने देर रात इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। पवन काजल के भाजपा में शामिल होने की आशंका की वजह से कांग्रेस हाईकमान ने यह कदम उठाया है। कांग्रेस ने इसी साल मार्च में प्रतिभा सिंह को प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया था। साथ में चार कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए थे। इनमें पवन काजल, हर्ष महाजन, राजेंद्र राणा



और विनय कुमार शामिल हैं।

इस बीच सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार पवन काजल और सोलन जिला से ताल्लुक रखने वाले कांग्रेस के एक अन्य विधायक ने दिल्ली में डेरा डाला है और भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व आज उनके पार्टी में शामिल होने की घोषणा कर सकता है। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुरेश कश्यप भी बीते कल दिल्ली पहुंच गए हैं। भाजपा की यह सियासी रणनीति कांग्रेस को बड़ा झटका देने वाली साबित होगी, क्योंकि दोनों विधायक जनाधार वाले नेता हैं और इनकी अपने-अपने हलकों में अच्छी पकड़ है।

प्रदेश भाजपा नेतृत्व लगातार दावा करता रहा है कि कांग्रेस के कुछ नेता उनके सम्पर्क में हैं और भाजपा में शामिल होने का आतुर हैं।

बहरहाल राज्य में विधानसभा चुनाव नजदीक होने के कारण भाजपा ने पूरी ताकत झोंक रखी है तो दूसरी ओर कांग्रेस अपना कुनबा सहेजने में जुटी हुई है।

पार्टी नेतृत्व की ओर से छतीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल को मुख्य पर्यवेक्षक और एआईसीसी सचिव राजीव शुक्ला को प्रदेश प्रभारी बनाया गया है। विधानसभा चुनाव में पार्टी को एकजुट रखने की कवायद की जा रही है।

# कानून मंत्री कार्तिकेय सिंह ने जारी वारंट पर कहा- कोर्ट ने दिया है गिरफ्तारी से छूट का आदेश

■ कार्तिक सिंह ने कहा कि जिस अपहरण कांड में उन्हें फरार बताया जा रहा है वह पूरी तरह बेबुनियाद है

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**पटना।** बिहार में नई सरकार के कानून मंत्री कार्तिकेय सिंह ने कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद इसपर सफाई दी है। कार्तिक सिंह ने कहा कि जिस अपहरण कांड में उन्हें फरार बताया जा रहा है वह पूरी तरह बेबुनियाद है। इस मामले में कोर्ट ने उन्हें गिरफ्तारी से छूट यानी दंडात्मक कार्रवाई न का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि हलफनामा में सभी मंत्री और विधायक अपना डिटेल देते हैं। इसमें इस तरह की कोई बात सामने नहीं आई है। बाकी जो लोग बोलते हैं, उन्हें बोलने दीजिये।

उल्लेखनीय है कि राजद के विधायक और नये कानून मंत्री कार्तिकेय सिंह के खिलाफ कोर्ट में सरेंडर करने का वारंट जारी किया गया था। उन्हें कल ही कोर्ट में सरेंडर करना था लेकिन उन्होंने कानून मंत्री के लिए शपथ ले ली। इससे पहले कार्तिक सिंह ने पटना हाई कोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी। हाई कोर्ट ने 16 फरवरी, 2017 को कार्तिक सिंह की जमानत याचिका खारिज करते हुए उन्हें निचली अदालत में जाने कहा था। कार्तिक ने फिर निचली अदालत में याचिका दायर की। कोर्ट ने मोकामा थाना के नाम से जारी आदेश में कार्तिक सिंह को गिरफ्तार करने या उनके खिलाफ किसी प्रकार की जोर जबरदस्ती नहीं करने का निर्देश दिया है।

# जहांगीरपुरी हिंसा पर रोहिणी कोर्ट में सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी कोर्ट में आज जहांगीरपुरी हिंसा मामले पर सुनवाई होगी। चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दीपिका सिंह सुनवाई करेंगी। 16 अप्रैल को जहांगीरपुरी में धार्मिक जुलूस निकालने के दौरान हिंसा हुई थी। 28 जुलाई को कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दीपिका सिंह ने सभी आरोपितों को पेश होने के लिए समन जारी किया था। क्राइम ब्रांच ने 14 जुलाई को चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें 37 लोगों को आरोपी बनाया गया है। इनमें से दो नाबालिग हैं। दिल्ली पुलिस ने मोहम्मद अंसार और तबरेज अंसारी को मुख्य साजिशकर्ता बताया है। दिल्ली पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी, 34, 186, 333, 332, 323,436, 147, 148, 149 और 427 के अलावा आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए हैं।

# हेमंत सोरेन के खिलाफ याचिका पर फैसला सुरक्षित, सीएम पर खनन पट्टे में भ्रष्टाचार का आरोप

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने फर्जी कंपनियों के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट की कार्यवाही पर रोक लग दी है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार और सीएम सोरेन द्वारा दायर याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया, जिसमें हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई थी। हाई कोर्ट ने सोरेन के खिलाफ जांच की मांग करने वाली जनहित याचिका को स्वीकार किया था। सोरेन पर राज्य का खनन मंत्री रहने के दौरान खुद को खनन पट्टा आवंटित करने का आरोप है। न्यायमूर्ति यू यू ललित, न्यायमूर्ति एस आर भट और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने दोनों पक्षों के वकीलों की दलीलें सुनीं। शीर्ष अदालत ने कहा कि उसने दोनों पक्षों के वकीलों को सुना है। आदेश सुरक्षित रखा गया है। चूंकि



अदालत मामले पर सुनवाई कर रहा है, इसलिए उच्च न्यायालय मामले पर आगे नहीं बढ़ेगा।

शीर्ष अदालत ने कहा कि याचिका की एक प्रति और पक्षों द्वारा दी गई दलीलों को रिकॉर्ड में रखा जाए। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास ने इस साल फरवरी में दावा किया था कि सोरेन ने अपने पद का दुरुपयोग किया और खुद को खनन पट्टा आवंटित किया। यह एक ऐसा मुद्दा है जिसमें हितों के टकराव और भ्रष्टाचार दोनों शामिल हैं। उन्होंने जनप्रतिनिधित्व कानून के प्रावधानों के उल्लंघन का भी आरोप लगाया। विवाद का संज्ञान लेते हुए भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) ने मई में सोरेन को एक नोटिस भेजकर खनन और पर्यावरण विभागों को इस खनन पट्टे पर अपना पक्ष रखने को कहा था। चुनाव आयोग के सूत्रों ने कहा था कि पट्टे का स्वामित्व जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 9ए का उल्लंघन करता है, जो सरकारी अनुबंधों आदि के लिए अयोग्यता से संबंधित है।

यह मामला अभी भी चुनाव आयोग के पास लंबित है। झारखंड उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका में खनन पट्टे के अनुदान में अनियमितताओं और मुख्यमंत्री के परिवार के सदस्यों और सहयोगियों से कथित रूप से जुड़ी कुछ मुखौटा कंपनियों के लेनदेन की जांच की मांग की गई थी।

# आठ लाख की इनामी महिला नक्सली गिरफ्तार

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नारायणपुर।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत थाना ओरछा से जिला बल एवं डीआरजी की संयुक्त पुलिस पार्टी सर्चिंग पर ग्राम कोडोली आदेरबेड़ा, मुसनार, कावानार की ओर निकली थी। गश्त सर्चिंग के दौरान ग्राम कावानार के जंगल से घेराबंदी कर नक्सलियों के बस्तर डिविजन के कंपनी नम्बर 06 की सदस्य आठ लाख रुपये की इनामी एक महिला नक्सली सुखमति कुमेटी उर्फ रीमा पिता मंगतु कुमेटी जाति माड़िया निवासी छोटे टोण्डाबेड़ा थाना ओरछा को गिरफ्तार कर कार्रवाई उपरांत बुधवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

गिरफ्तार महिला नक्सली सुखमति कुमेटी उर्फ रीमा वर्ष 2018 में टोण्डेबेड़ा मिलिशिया कमाण्डर मनोज द्वारा मिलिशिया सदस्य के रूप संगठन में



भर्ती किया था, नक्सली संगठन द्वारा प्रशिक्षण उपरांत पूर्व बस्तर डिविजन के कंपनी नम्बर 06 की सदस्य के रूप में सक्रिय रूप से कार्य कर रही थी। उक्त नक्सली सदस्या कई नक्सली वारदातों में शामिल रही है, जिसमें 04 मार्च 2020 को सप्ताहिक बाजार ओरछा में प्रधान आरक्षक रामप्रसाद भगत को टंगिया से वार कर घायल करने एवं एक इंसास रायफल लूटकर ले जाने की घटना में शामिल थी। 11 नवंबर 2020 को ग्राम कड़ेनार, चिकपाल के पास आईईडी लगाकर विस्फोट करने की घटना में शामिल थी, जिसमें आईटीबीपी का एक जवान घायल हुआ था।

**योजना** | योजना के तहत 2024-25 तक की अवधि के लिए 34,856 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बजटीय प्रावधान

# केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने तीन लाख रुपये तक के लघु अवधि के कृषि ऋण पर 1.5 प्रतिशत सालाना ब्याज अनुदान को मंजूरी दी

■ यह निर्णय कृषि क्षेत्र में किसानों के लिए पर्याप्त ऋण प्रवाह सुनिश्चित करेगा

**भुपेंद्र शर्मा**

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने सभी वित्तीय संस्थानों के लिए लघु अवधि के कृषि ऋणों पर ब्याज अनुदान को बहाल कर 1.5 प्रतिशत करने की मंजूरी दे दी है। इस प्रकार 1.5 प्रतिशत का ब्याज अनुदान उधार देने वाले संस्थानों (सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, निजी क्षेत्र के बैंक, लघु वित्त बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, सहकारी बैंक और वाणिज्यिक बैंकों से सीधे तौर पर जुड़े कम्प्यूटरीकृत पीएसीएस) को किसानों को वर्ष 2022-23 से 2024-25 तक 3 लाख रुपये तक के लघु अवधि के कृषि ऋण देने के लिए प्रदान किया गया है। इस योजना के अंतर्गत ब्याज अनुदान सहायता में बढ़ोतरी के लिए 2022-23 से 2024-25 की अवधि में 34,856 करोड़ रुपये के अतिरिक्त बजटीय प्रावधान की आवश्यकता होगी। ब्याज अनुदान में वृद्धि से कृषि क्षेत्र में ऋण के प्रवाह की स्थिरता सुनिश्चित होने के साथ ऋण देने वाले संस्थानों विशेष रूप से क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक एवं सहकारी बैंक की वित्तीय स्थिति और व्यवहार्यता सुनिश्चित होगी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पर्याप्त कृषि ऋण सुनिश्चित होगा। बैंक फंड की लागत में वृद्धि को समाहित करने में सक्षम होंगे और किसानों को उनकी कृषि आवश्यकताओं के लिए ऋण देने के लिए प्रोत्साहित करेंगे तथा अधिक से अधिक किसानों को कृषि ऋण का लाभ दे सकेंगे। इससे रोजगार सृजन में मदद मिलेगी, क्योंकि लघु अवधि के कृषि ऋण पशुपालन, डेयरी, मुर्गी पालन, मत्स्य पालन सहित सभी कार्यों के लिए प्रदान किए जाते हैं। किसान समय पर ऋण चुकाते समय 4 प्रतिशत सालाना की ब्याज दर पर अल्पकालीन कृषि ऋण लेते रहेंगे। किसानों को सस्ती दर पर बिना किसी बाधा के ऋण उपलब्धता सुनिश्चित करना भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। तदनुसार, किसानों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की गई थी, ताकि उन्हें किसी भी समय ऋण पर कृषि उत्पादों और सेवाओं को खरीदने के लिए सशक्त बनाया जा सके। यह सुनिश्चित करने के लिए कि किसान बैंक को न्यूनतम ब्याज दर का भुगतान कर सकते हैं, भारत सरकार ने ब्याज अनुदान योजना (आईएसएस) शुरू की, जिसका नाम बदलकर अब संशोधित ब्याज अनुदान योजना (एमआईएसएस) कर दिया गया है, ताकि कम ब्याज दरों पर किसानों को लघु अवधि के ऋण प्रदान किए जा सकें। इस योजना के तहत कृषि और अन्य संबद्ध गतिविधियों- पशुपालन, डेयरी, मुर्गी पालन, मत्स्य पालन आदि में लगे किसानों के लिए 7 प्रतिशत की सालाना दर से 3 लाख रुपये तक का अल्पकालिक कृषि ऋण उपलब्ध है। शीघ्र और समय पर ऋण की अदायगी के लिए किसानों को अतिरिक्त 3 प्रतिशत अनुदान (शीघ्र अदायगी प्रोत्साहन-पीआरआई) भी दिया जाता है। इस चुनौती से निपटने के लिए, भारत सरकार ने सभी वित्तीय संस्थानों के लिए लघु अवधि के कृषि ऋणों पर ब्याज अनुदान को 1.5 प्रतिशत तक सक्रिय रूप से बहाल करने का निर्णय लिया है।

# कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण से दिव्यांगजनों को कार्य करने में होगी आसानी : आयुक्त

**मेदिनीनगर।** मारवाड़ी युवा मंच डालनगंज शाखा एवं प्रकाश चंद्र जैन सेवा सदन की ओर से बुधवार को नेशनल मारवाड़ी फाउंडेशन के सहयोग से महाराजा अग्रसेन भवन में निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अतिथि के रूप में पहुंचे आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने कहा कि कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण से दिव्यांगजनों का जीवन आसान होगा। उन्हें कार्य करने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि इस शिविर में जिन दिव्यांगजनों ने पंजीयन कराया है, उन्हें टेक्नीशियन टीम द्वारा हाथ और पैर की नापी ली गई और तकनीक प्रक्रिया द्वारा कृत्रिम अंग बनाकर उन्हें लगाया गया। कार्यक्रम संयोजक गिरधारी गर्ग एवं गोपाल छपरिया ने कहा कि मंच के द्वारा निःशुल्क ऑक्सीजन, कृष्णा होम्योपैथिक दवाखाना, एंबुलेंस, अमृतधारा, स्थाई पंसाला आदि सामाजिक कार्य समय-समय पर किए जाते रहे हैं। मंच के मीडिया प्रभारी विकास उदयपुरी ने कहा कि शिविर में 187 लोगों ने पंजीकरण कराया है।

# झील रेस्टोरेंट में सेक्स रैकेट का पदार्फाश, छह लड़के और चार लड़कियां गिरफ्तार




**दर्पण न्यूज सर्विस**

**कोडरमा।** जिले के झील रेस्टोरेंट में चल रहे सेक्स रैकेट का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मंगलवार देर रात रेस्टोरेंट में छापेमारी कर चार लड़कियों एवं छह लड़कों को आपत्तिजनक हालत में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से कई आपत्तिजनक समान भी बरामद किया है। बताया जाता है कि यहां देह व्यापार के लिए लड़कियों को बुलाया जाता था। स्थानीय दलाल के जरिए बंगाल से कॉल गर्ल्स को मोटी रकम के साथ सेट किया जाता था। फिलहाल, पुलिस पकड़े गए लड़के और लड़कियों से यह जानने की कोशिश में है कि इस देह व्यापार के खेल में कौन-कौन लोग शामिल हैं। इसमें झील रेस्टोरेंट के संचालक तपेश्वर साव और प्रफुल्ल सिंह की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। छापेमारी के बाद झील रेस्टोरेंट का मैनेजर फरार है।

पुलिस उसकी तलाश में है। इसमें कुछ सफेदपोशों के नाम भी सामने आ सकते हैं।

एसपी कुमार गौरव ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और जो भी लोग इस सेक्स रैकेट में शामिल होंगे, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। देह व्यापार के लिए दो हजार का कमरा भी 20-30 हजार रुपये में भाड़े पर दिया जाता था।

# राहुल को मिली यूरोप के बुल्गारिया गणराज्य के शिक्षा और विज्ञान मंत्रालय से स्कॉलरशिप

**भागलपुर।** जिले के सुल्तानगंज के रहने वाले राहुल कुमार रजक का नाम दिल्ली विश्वविद्यालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) मानव संसाधन विकास मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में स्कॉलरशिप के लिए घोषित किया गया है। इस स्कॉलरशिप के तहत राहुल को यूरोप के बुल्गारिया में आयोजित 59वें इंटरनेशनल समर सेमिनार में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ। यह संगोष्ठी सोफिया विश्वविद्यालय सेंट क्लिमेंट ओहरिडस्की द्वारा आयोजित किया गया। बुल्गारियाई भाषा, साहित्य, संगीत, कला एवं संस्कृति से संबंधित इस सेमिनार में विश्वभर के विभिन्न देशों के चयनित रिसर्च स्कॉलर एवं छात्रों ने भाग लिया। इस सेमिनार में भारत की ओर से राहुल ने भाग लिया। अंतरराष्ट्रीय कथक नर्तक के रुप में अपनी पहचान बनाने वाले राहुल ने कथक नृत्य की तालीम पद्म विभूषण "पंडित बिरजू महाराज", विदुषी शाश्वती सेन और विदुषी प्रिया घोष पाल के सानिध्य में ग्रहण की है।

# डोनाल्ड ट्रंप ने पासपोर्ट लौटाने पर एफबीआई का किया धन्यवाद

■ कहा- अमेरिका में ऐसा नहीं होना चाहिए



## एफबीआई ने डोनाल्ड ट्रंप के आवास से हटाए बक्से और तस्वीरें

सीएनएन के मुताबिक, नए सील न किए गए दस्तावेजों में से एक खोज वारंट 'रसीद' है जिसमें पता चला है कि एफबीआई एजेंटों ने फ्लोरिडा के पाम बीच में पूर्व राष्ट्रपति के रिसार्ट और आवास से 20 से अधिक बक्से, तस्वीरों के बाइंडरों, वगीकृत सरकारी सामग्रियों के सेट और एक हस्तलिखित नोट हटा दिए।

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**वाशिंगटन।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि न्याय विभाग और एफबीआई ने पिछले हफ्ते फ्लोरिडा में उनके मार-ए-लागो आवास पर छापेमारी के दौरान जब्त किए गए उनके पासपोर्ट वापस कर दिए हैं।

एफबीआई ने 8 अगस्त को जासूसी अधिनियम के संभावित उल्लंघनों से जुड़ी सामग्री को पाने के लिए मार-ए-लागो में एक सर्च वारंट चलाया। तलाशी वारंट रसीद के अनुसार एजेंटों ने 'टाप सीक्रेट' लेबल वाली सामग्री बरामद की। ट्रम्प ने अपने खिलाफ अमेरिकी न्याय प्रणाली के हथियार के रूप में छापे की निंदा की है। उन्होंने दावा किया है कि उनके मार-ए-लागो आवास पर मौजूद सभी सामग्रियों को हटा दिया गया है। ट्रंप ने मंगलवार को कहा, 'डीओजे और एफबीआई ने अभी-अभी मेरे पासपोर्ट लौटाए हैं। धन्यवाद! दुर्भाग्य से, जब उन्होंने 8 दिन पहले मेरे घर मार-ए-लागो पर छापा मारा, तो उन्होंने बस अपनी बाहें खोली और सब कुछ पकड़ लिया, जैसा कि एक आम अपराधी करता है। अमेरिका में ऐसा नहीं होना चाहिए!' पिछले हफ्ते, अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों में कहा गया था कि एफबीआई ने इस सप्ताह की शुरूआत में ट्रम्प की फ्लोरिडा की पूर्व संपत्ति मार-ए-लागो में तलाशी के दौरान वगीकृत रिकार्ड के 11 सेट जब्त किए, जिसमें 'शीर्ष गुप्त / संवेदनशील कंपार्टमेंट सूचना' के रूप में चिह्नित कुछ सामग्री शामिल थी। जज ने एफबीआई को मार-ए-लागो में '45 कार्यालय' के साथ-साथ 'अन्य सभी कमरों या क्षेत्रों' को खोजने के लिए अधिकृत किया, जो पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प और उनके कर्मचारियों के लिए बक्से और दस्तावेजों को संग्रहीत करने के लिए उपलब्ध थे। तलाशी वारंट तलाशी के पीछे तर्क के रूप में तीन संभावित संघीय अपराधों की पहचान करता है: जासूसी अधिनियम का उल्लंघन, न्याय में बाधा और सरकारी रिकार्ड का आपराधिक संचालन। बिना सील किए गए वारंट के अनुसार, एफबीआई ने अन्य बातों के अलावा फ्रांस के राष्ट्रपति के बारे में तस्वीरें और जानकारी एकत्र की।

## मेडागास्कर ने पीएम मोदी की तारीफों के बांधे पुल

# जरूरत के समय हमारे देश के साथ खड़ा रहा है भारत: एंड्री राजोएलिना

■ मेडागास्कर में सबसे ज्यादा गुजराती प्रवासी





**दर्पण न्यूज सर्विस**

**एंटानानारिवो ।** मेडागास्कर के राष्ट्रपति एंड्री राजोएलिना ने जरूरत के समय अपने देश के साथ खड़े होने के लिए पीएम मोदी और भारत की प्रशंसा की है। उन्होंने भारत को उसके 76वें स्वतंत्रता दिवस पर बधाई और शुभकामनाएं भी दी हैं। मेडागास्कर के राष्ट्रपति एंड्री राजोएलिना ने भारत के 76 वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने जरूरत के समय अपने देश के साथ खड़े होने के लिए भारत को धन्यवाद दिया। राजोइलिना ने 15 अगस्त को ट्वीट किया, 'भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर पीएम नरेन्द्र मोदी और भारत के लोगों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। जरूरत के समय मेडागास्कर के साथ खड़े होने के लिए मेरा आभार।' प्रधानमंत्री मोदी ने राजोएलिना के ट्वीट का जवाब दिया और कहा कि भारत हमेशा मेडागास्कर के साथ दोनों देशों के कल्याण के लिए काम करेगा। उन्होंने कहा, 'राष्ट्रपति एंड्री राजोएलिना को हमारे स्वतंत्रता दिवस पर बधाई देने के लिए धन्यवाद। एक विश्वसनीय विकास भागीदार के रूप में, भारत हमेशा हमारे लोगों के कल्याण के लिए मेडागास्कर के साथ काम करेगा। इस साल मई की शुरूआत में, राष्ट्रपति राजोएलिना ने देश हाल ही में सीडीआरआई में जलवायु और आपदा लचीलापन को बढ़ावा देने में उनके नेतृत्व के लिए पीएम मोदी की प्रशंसा की थी। उन्होंने कहा, 'मैं इस गठबंधन के माध्यम से जलवायु और आपदा लचीलापन को बढ़ावा देने में भारत के नेतृत्व के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देता हूं। मुझे विश्वास है कि लोगों के जीवन पर प्रत्यक्ष प्रभाव के साथ हमारी गतिविधियां फलदायी होंगी।' उन्होंने जलवायु और आपदा लचीलापन को बढ़ावा देने में भारत के नेतृत्व की सराहना की और कहा कि बुनियादी ढांचा प्रणालियों के लचीलेपन में निवेश करना महत्वपूर्ण है। डिजास्टर रेजिलिएंट इन्फ्रास्ट्रक्चर पर चौथे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए, राजोएलिना ने कहा कि उनका देश हाल ही में सीडीआरआई में शामिल हुआ है और इस वैश्विक साझेदारी का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने ध्यान दिलाया है कि जलवायु परिवर्तन के कारण द्वीपीय राज्यों के सामने आने वाली चुनौतियां सीडीआरआई पहल के तहत लचीला बुनियादी ढांचा बनाने के लिए भारत के प्रयासों का एक प्रमुख केंद्र बिंदु हैं। तटीय गुजरात से मेडागास्कर में 20,000 से अधिक मजबूत भारतीय प्रवासी हैं, जो प्रधानमंत्री मोदी की मेडागास्कर की यात्रा की प्रतीक्षा कर रहे हैं, जो किसी भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा पहली यात्रा होगी। मेडागास्कर देश के उत्तर-पश्चिम में महत्वपूर्ण दुर्लभ खनिजों और हाइड्रोकार्बन ऊर्जा निष्कर्षों के क्षेत्र में भारत के लिए एक मजबूत आर्थिक क्षमता प्रदान करता है।

## पुणे में ट्रक-कार की टक्कर में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत

**मुंबई।** पुणे जिले में पुणे-अहमदनगर हाइवे पर रंजनगांव के पास ट्रक और कार की आमने-सामने की टक्कर में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई। इनमें तीन बच्चे भी शामिल हैं। मृतकों की पहचान संजय म्हस्के ( 53), रामा म्हस्के ( 45), राजू म्हस्के (07), हर्षदा म्हस्के (04), विशाल म्हस्के (16) के रूप में हुई है। इस हादसे में साधना मस्के घायल हो गई हैं। उन्हें जिला उप अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस के अनुसार संजय म्हस्के सपरिवार मंगलवार आधीरात बाद तकरीबन 2 बजे पुणे से अहमदनगर की ओर जा रहे थे। अचानक उनकी कार रंजनगांव में एलजी कंपनी के पास सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार चकनाचूर हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही शिरुर पुलिस स्टेशन की टीम घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय नागरिकों की मदद से कार में सवार सभी को बाहर निकाला गया।

# महाराष्ट्र के गोंदिया में रेल हादसा, 50 यात्री घायल



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**गोंदिया (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के गोंदिया में मंगलवार देररात करीब 2:30 बजे पैसेंजर ट्रेन और मालगाड़ी के बीच में टक्कर होने से 50 से अधिक यात्री घायल हो गए। इस हादसे में पैसेंजर की तीन बोगी पटरी से उतर गई। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भेजा गया है। रेलवे के अधिकारियों के मुताबिक यह हादसा एक ही ट्रैक पर दोनों ट्रेनों के आने से हुआ। ग्रीन सिग्नल मिलने के बाद बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस पैसेंजर ट्रेन आगे निकली थी। वह जैसे ही गोदिंया पहुंची वैसे ही वहां पीछे से आ रही मालगाड़ी ने टक्कर मार दी। इस हादसे में 50 से अधिक यात्री घायल हुए हैं और 13 को मामूली चोट आई हैं।

## जेलेंस्की और एर्दोगन से मुलाकात करेंगे संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुटेरेस

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस गुरुवार को यूक्रेन में राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की और तुर्की के राष्ट्रपति तैयप एर्दोगन से मुलाकात करेंगे। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को कहा कि गुटरेस शुक्रवार को ओडेसा के काला सागर बंदरगाह का दौरा करेंगे, जहां से अनाज का निर्यात होता है। संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता के बाद यूक्रेन से अनाज का निर्यात फिर से शुरू हो गया है। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि गुटेरेस पश्चिमी यूक्रेन के ल्वीव में जेलेंस्की से मिलेंगे और रूस के साथ संघर्ष का राजनीतिक समाधान खोजने के साथ-साथ जापोरिज्ज़िया परमाणु ऊर्जा संयंत्र की स्थिति पर चर्चा करेंगे। यूक्रेन और रूस ने पूर्वी यूक्रेन परमाणु संयंत्र के पास गोलाबारी के लिए एक-दूसरे को दोषी ठहराया है, जिसे रूसी सेना ने 24 फरवरी के आक्रमण के शुरूआती चरणों में अपने कब्जे में ले लिया था।

# पाकिस्तान में बच्चे हो रहे पोलियो का शिकार

■ थम नहीं रहा स्वास्थ्य कर्मियों पर हमला

■ आतंकियों की सोच बनी बच्चों के लिए सजा



**दर्पण न्यूज सर्विस**

इस्लामाबाद। यह घटना खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के टैंक जिले की है जो अस्थिर दक्षिण वजीरिस्तान कबायली जिले की सीमा से लगा हुआ है। हमले को अंजाम देने के बाद मोटरसाइकिल पर सवार हमलावर मौके से फरार हो गए। पाकिस्तान में बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने गई टीम सुरक्षा में तैनात दो पुलिस अधिकारियों की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। यह वाक्या खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के टैंक जिले का है। डीपीए ने एक स्थानीय पुलिस अधिकारी के हवाले से कहा कि हमलावर मोटरसाइकिल पर सवार थे, जो वारदात को अंजाम देने के बाद तुरंत वहां से रफूचक्कर हो गए। अभी तक किसी भी उग्रवादी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। प्रांतीय सरकार ने पांच साल तक की उम्र के लाखों बच्चों के लिए पोलियो रोधी टीकाकरण कार्यक्रम की शुरूआत की। मालूम हो कि पाकिस्तान में पोलियो रोधी टीकाकरण कार्यक्रम ने लगभग पिछले एक साल से फिर से रफ्तार पकड़ ली है। लेकिन पिछले कुछ महीनों में हिंसा प्रभावित क्षेत्रों से टीकाकरण कर्मियों पर हमला किए जाने के 14 नए मामले सामने आए हैं। गौर करने वाली बात है कि पाकिस्तान दुनिया के कुछ उन चुनिंदा देशों में से हैं जहां पोलियो के नए मामले अब भी देखे जा रहे हैं। हालांकि साल 2014 में पोलियो के दर्ज हुए 306 मामलों के मुकाबले इसकी चपेट में आ रहे बच्चों की संख्या में इस बीच उल्लेखनीय रूप से गिरावट आई है। सिर्फ पाकिस्तान ही नहीं, बल्कि उसका पड़ोसी देश अफगानिस्तान भी इसी समस्या से आज भी जूझ रहा है। इसी के साथ अमेरिका और ब्रिटेन में हाल के दिनों में सीवेज वॉटर में पोलियो के वायरस का पता लगा था। पाकिस्तान के बारे में ऐसा कहा जाता है कि यहां अलकायदा से जुड़े आतंकवादी अकसर स्वास्थ्य कर्मियों पर हमला बोलते हैं। पहले भी वैक्सीन लगाने के लिए गए दर्जनों स्वास्थ्य कर्मी और उनकी सुरक्षा में तैनात सुरक्षा अधिकारी मौत के घाट उतार दिए गए हैं। यहां आतंकवाद के कट्टरपंथी आकाओं का मानना है कि पोलियो की खुराक बांझपन की वजह बनती है।

## अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडन कोरोना संक्रमित

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**वाशिंगटन।** अमेरिका की प्रथम महिला और राष्ट्रपति जो बाइडन की पत्नी जिल बाइडन भी कोरोना संक्रमित हो गई हैं। उनके कम्युनिकेशन डायरेक्टर ने इसकी पुष्टि की है। कोरोना संक्रमण की पुष्टि के बाद जिल ने खुद को आइसोलेट कर लिया है। उनका कोरोना का टेस्ट सोमवार को हुआ था।

जानकारी के मुताबिक उन्हें शाम से जुकाम और कुछ दूसरे लक्षण थे। इस दौरान किए टेस्ट में वो नेगेटिव आई थीं। बाद में उनका रेपिड एंटीजन टेस्ट किया गया उसमें भी वो नेगेटिव आईं। लेकिन पीसीआर टेस्ट में उनके कोरोना संक्रमित होने की पुष्टि हुई।

इससे कुछ ही दिन पहले राष्ट्रपति जो बाइडन भी कोरोना संक्रमित हो गए थे। जिसकी उन्होंने ट्वीट कर जानकारी दी थी। बाइडन ने ठीक होने की भी जानकारी ट्वीटर पर साझा की थी। इसी वर्ष मई में उनकी बेटी एशले भी कोरोना संक्रमित हुई थीं। जिसके कारण परिवार के साथ इक्वाडोर की यात्रा को रद्द करना पड़ा था। वह इसके अलावा लेटिन अमेरिकी देशों की यात्रा पर अपनी मां जिल बाइडन के साथ जाने वाली थीं, लेकिन कोरोना संक्रमित होने की वजह से नहीं जा सकी थीं।

गौरतलब है कि अमेरिका में कोरोना संक्रमण का खतरा अब भी बना हुआ है। इस महामारी की शुरूआत से ही अमेरिका में इसके हजारों मरीज सामने आ रहे हैं।

# यूक्रेन ने क्रीमिया में रूसी ठिकाने पर हुए धमाकों की जिम्मेदारी के दिए संकेत

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**कीव।** क्रीमिया स्थित रूस के एक सैन्य अड्डे पर यूक्रेन द्वारा हमले की जिम्मेदारी लेने के संकेत के बीच और विस्फोट की मास्को ने निंदा की है। क्रीमिया यूक्रेन पर आक्रमण के लिए रूस के लिए एक महत्वपूर्ण आपूर्ति लाइन है। रूसी अधिकारियों और एजेंसियों के अनुसार विस्फोटों ने क्रीमिया प्रायद्वीप के उत्तर में स्थित एक सैन्य अड्डे पर गोला बारूद डिपो को चपेट में ले लिया, जिससे ट्रेनें बाधित हो गईं और पास के एक गांव के 2,000 लोगों को निकालना के लिए मजबूर होना पड़ा। जानकारी के अनुसार हमले के बाद मध्य क्रीमिया में एक दूसरे रूसी



सैन्य अड्डे पर धुएं के गुबार देखा गया। जबकि पिछले सप्ताह पश्चिम में विस्फोटों ने एक अन्य सैन्य अड्डे को प्रभावित किया था। विस्फोटों ने छह महीने पुराने युद्ध में नई संभावना को बढ़ा दिया है कि यूक्रेन के पास अब रूसी क्षेत्र में अंदर तक हमला करने की क्षमता है और कीव समर्थक समूहों को गुरिल्ला शैली के हमलों में सफलता मिल रही है। क्रीमिया पर वर्ष 2014 में यूक्रेन से कब्जा करने के बाद रूस इसका इस्तेमाल सैन्य अभियान में कर रहा है। यूक्रेन क्रीमिया पर हमले कर दक्षिणी यूक्रेन पर रूस के संभावित हमलों को रोकने का प्रयास कर रहा है। क्रीमिया काला सागर में रूस के बेड़े का आधार है और इसके अलावा गर्मियों में छुट्टियों के रिसॉर्ट के रूप में भी लोकप्रिय है। रूसी टीवी पर जारी फुटेज के अनुसार, मंगलवार के विस्फोटों में एक बिजली सबस्टेशन में भी आग लग गई। रूस की एजेंसी ने कहा कि सात ट्रेनें देरी से चल रही हैं और उत्तरी क्रीमिया में लाइन के एक हिस्से पर रेल यातायात को निलंबित कर दिया गया है।

## ढाका में हुई क्रेन दुर्घटना, चीनी ठेकेदार पर हुआ मामला दर्ज

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**ढाका।** ढाका में सोमवार को चलती कार पर कंक्रीट का गर्डर गिरने से दो बच्चों सहित पांच लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले की प्रारंभिक जांच में चाइना गेझोउबा ग्रुप कंपनी लिमिटेड (सीजीजीसी) द्वारा लापरवाही के सबूत मिले हैं।

बांग्लादेश के सड़क परिवहन और राजमार्ग विभाग के सचिव अमीन उल्लाह नूरी ने कहा कि चीनी कंपनी को जुमार्ना, अनुबंध की समाप्ति का सामना करना पड़ सकता है और ब्लैकलिस्ट किया जा सकता है ताकि अंतिम रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद उन्हें बांग्लादेश में कोई काम नहीं मिल सके। बता दें कि अंतिम रिपोर्ट गुरुवार तक आने की संभावना है। शुरूआती जांच के मुताबिक, चीनी कंपनी ने सभी सुरक्षा नियमों की अनदेखी की और बिना किसी सुरक्षा उपाय के क्रेन ने गर्डर को आगे बढ़ा दिया। उन्होंने कहा कि कितने क्रेनों का उपयोग किया जाएगा, कितने क्षेत्र की घेराबंदी की जानी चाहिए, कितने लोगों की आवश्यकता होगी, इस काम में कौन शामिल होगा - इन पर भी ठेकेदार द्वारा सलाहकार के साथ चर्चा की जानी चाहिए। हालांकि, सीजीजीसी ने सलाहकार के साथ इन कारकों पर चर्चा नहीं की। एस जयशंकर थाईलैंड में 9वीं भारत-थाईलैंड संयुक्त आयोग की बैठक में भाग लेने के लिए।

**अलर्ट** अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 35 और 26 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार हैं

# देश के कई हिस्सों में मानसून एक्टिव, यूपी-बिहार सहित कई राज्यों में भारी बारिश की संभावना

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग के पूवार्नुमान के मुताबिकआज राजस्थान महाराष्ट्र और गुजरात में भारी बारिश की संभावना है। इसके अलावा 18 अगस्त के बीच सौराष्ट्र और कच्छ के इलाकों में बारिश हो सकती है। देश के अधिकांश हिस्सों में मानसून एक्टिव है। मौसम विभाग ने आज भी यूपी, बिहार, पंजाब समेत ज्यादातर राज्यों में मध्यम से भारी बारिश का अनुमान जारी किया है। उत्तर से दक्षिण तक के राज्यों में आज बरसात होने की उम्मीद है। उत्तराखंड की बात करें तो यहां हल्की बारिश होगी, जबकि आसमान में बादल छाए रहेंगे। गुजरात, दक्षिण राजस्थान, अंडमान और निकोबार में हल्की से



मध्यम बारिश हो सकती है। राजस्थान के बचे हुए हिस्सों, पश्चिमी मध्य प्रदेश, कोंकण और गोवा, विदर्भ, छत्तीसगढ़, ओडिशा में मध्यम बारिश के आसार हैं। कर्नाटक, झारखंड में भी बारिश होने की उम्मीद है। मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर में बुधवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। बारिश की संभावना नहीं है, लेकिन उमस भरी गर्मी से राहत रहेगी। अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 35 और 26 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार है। मौसम विभाग के मुताबिक यूपी में अलग-अलग स्थानों पर आज हल्की बारिश के आसार हैं। वहीं 20-21 अगस्त को कानपुर, लखनऊ, मेरठ, वाराणसी और प्रयागराज समेत कई जिलों में भारी बारिश हो सकती है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम सुहावना रहेगा। बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। कानपुर के आसपास के जिलो में मौसम विभाग 19-20 अगस्त को भारी बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं लखनऊ, वाराणसी, प्रयागराज समेत कई जिलों में भी 20 -21 अगस्त में ही भारी बारिश के आसार जताए गए हैं। स्काईमेट वेदर के मुताबिक आज दक्षिण राजस्थान गुजरात और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। कोंकण और गोवा और मध्य महाराष्ट्र में हल्की से मध्यम बारिश के साथ एक या दो स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। स्काईमेट वेदर के मुताबिक राजस्थान के कुछ हिस्से, पश्चिम मध्य प्रदेश, कोंकण और गोवा, विदर्भ, छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों, ओडिशा, गंगीय पश्चिम बंगाल, झारखंड, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक और तमिलनाडु और केरल में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। पश्चिमी हिमालय, पूर्वोत्तर भारत, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम के छत्तीसगढ़ के शेष हिस्सों, पूर्वी मध्य प्रदेश, तटीय कर्नाटक और तेलंगाना में हल्की बारिश संभव है। पंजाब के ज्यादातर इलाकों में अगले एक सप्ताह तक हल्के बादल छाए रहने का अनुमान है। कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है।

# केन्या में राष्ट्रपति चुनाव परिणाम एक 'मजाक' : ओडिंगा

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नैरोबी/किसुमु।** केन्या के नेता रैला ओडिंगा ने 9 अगस्त के राष्ट्रपति चुनाव के परिणाम को हास्यास्पद बताते हुए उसे खारिज कर दिया है। ओडिंगा को उपराष्ट्रपति विलियम रूटो से हार का सामना करना पड़ा था। ओडिंगा ने मंगलवार को इसे केन्या के लोकतंत्र के लिए संकट बताते हुए लंबी कानूनी लड़ने की बात कही है। रुतो ने ओडिंगा को लगभग 233,000 मतों से हराया था। राष्ट्रपति चुनाव का परिणाम सात चुनाव आयुक्तों में से चार के कहने के बाद आया है, जिसके बाद ओडिंगा की यह पहली टिप्पणी है। वे एक दिन पहले चुनाव आयोग के अध्यक्ष वफुला चेबुकाती द्वारा घोषित आंकड़ों को खारिज करने के अपने फैसले पर कायम हैं। पूर्वी अफ्रीका के देश में वर्ष 2007 में विवादित चुनावों के बाद हिंसा की आशंकाओं के बीच 1,200 से अधिक लोग मारे गए थे और फिर 2017 में जब



100 से अधिक लोग मारे गए थे। ओडिंगा के समर्थकों ने सोमवार की रातभर पुलिस से संघर्ष किया और पश्चिमी शहर किसुमू और राजधानी नैरोबी की विशाल किबेरा झुग्गी में टायर जलाए, लेकिन मंगलवार सुबह तक सड़कों पर शांति लौट आई। वरिष्ठ विपक्षी नेता और पांच बार के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ओडिंगा ने कहा कि हमारा विचार है कि चेबुकाती द्वारा घोषित आंकड़े शून्य हैं और उन्हें अदालत द्वारा रद्द कर दिया जाना चाहिए। उन्होंने संवादाता२ओं से कहा कि हमने कल जो देखा वह एक मजाक था। साथ ही उन्होंने अपने समर्थकों से शांतिपूर्ण रहने की अपील करते हुए कहा कि किसी को भी कानून अपने हाथ में न लेने दें। ओडिंगा के पास सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दायर करने के लिए अगले सोमवार तक का समय है। चार आयुक्तों के लिए चुनाव आयोग की उपाध्यक्ष जुलियाना चेरेरा ने कहा कि रुतो को 50.49% के साथ जीतने वाले परिणाम गलत तरीके से एकत्र किए गए थे और चेबुकाती ने अन्य आयुक्तों द्वारा उठाए गए मिलान के बारे में चिंताओं की अवहेलना की थी। चेरेरा ने बाद में कहा कि उनका एक मुख्य दावा गणितीय त्रुटि पर आधारित था। उसने मूल रूप से इस बात पर प्रकाश डाला था कि दौड़ के चार उम्मीदवारों के लिए वोट प्रतिशत 100.01% तक बढ़ गया, यह कहते हुए कि अतिरिक्त 0.01% ने 142,000 वोटों का प्रतिनिधित्व किया, जो संभावित रूप से चुनाव को प्रभावित करने के लिए पर्याप्त था।

# 'मैय्या मोरी मैं नहिं माखन खायो'

**18 और 19 अगस्त को भगवान श्रीकृष्ण का प्रकट उत्सव मनाया जाएगा। इस साल भाद्रपद शुक्ल अष्टमी की तारीख को लेकर पंचांग भेद हैं। इस कारण श्रीकृष्ण जन्माष्टमी अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग दिन मनाई जाएगी। जन्माष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप बाल गोपाल यानी लड्डू गोपाल का विशेष अभिषेक किया जाता है।**



वसुदेव ने भगवान की आज्ञा पाकर शिशु को छाज में रखकर अपने सिर पर उठा लिया। यमुना में प्रवेश करने पर यमुना का जल भगवान श्रीकृष्ण के चरण स्पर्श करने के लिए हिलोरें लेने लगा और जलचर भी श्रीकृष्ण के चरण स्पर्श के लिए उमड़ पड़े।

जन्माष्टमी का त्यौहार प्रतिवर्ष भाद्रपक्ष कृष्णाष्टमी को भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के रूप में धूमधाम से मनाया जाता है। इस पर्व का भारतीय संस्कृति में इतना महत्व इसीलिए माना गया है क्योंकि श्रीकृष्ण को भारतीय संस्कृति का विलक्षण महानायक माना गया है। उनके व्यक्तित्व को जानने के लिए उनके जीवन दर्शन और अलौकिक लीलाओं को समझना जरूरी है। द्वापर युग के अंत में मथुरा में अग्रसेन नामक राजा का शासन था। उनका पुत्र था कंस, जिसने बलपूर्वक अपने पिता से सिंहासन छीन लिया और स्वयं मथुरा का राजा बन गया। कंस की बहन देवकी का विवाह यदुवंशी वसुदेव के साथ हुआ। एक दिन जब कंस देवकी को उसकी ससुराल छोड़ने जा रहा था, तभी आकाशवाणी हुई, हे कंस! जिस देवकी को तू इतने प्रेम से उसकी ससुराल छोड़ने जा रहा है, उसी का आठवां बालक तेरा संहारक होगा। आकाशवाणी सुन कंस घबरा गया। उसने देवकी की ससुराल पहुंचकर जीजा वसुदेव की हत्या करने के लिए तलवार खींच ली। तब देवकी ने अपने भाई कंस से निवेदन किया कि हे भाई! मेरे गर्भ से जो भी संतान होगी, उसे मैं तुम्हें सौंप दिया करूंगी, उसके साथ तुम जैसा चाहे व्यवहार करना पर मेरे सुहाग को मुझसे मत छीनो।

कंस ने देवकी की विनती स्वीकार कर ली और मथुरा लौट आया तथा वसुदेव एवं देवकी को कारागार में डाल दिया। कारागार में देवकी ने अपने गर्भ से पहली संतान को जन्म दिया, जिसे कंस के सामने लाया गया। देवकी के गिड़गिड़ाने पर कंस ने आकाशवाणी के अनुसार देवकी की आठवीं संतान की बात पर विचार करके उसे छोड़ दिया पर तभी देवर्षि नारद वहां आ पहुंचे और उन्होंने कंस को समझाया कि क्या पता, यही देवकी का आठवां गर्भ हो, इसलिए शत्रु के बीज को ही नष्ट कर देना चाहिए। नारद जी की बात सुनकर कंस ने बालक को मार डाला। इस प्रकार कंस ने देवकी के गर्भ से जन्मे एक-एक कर 7 बालकों की हत्या कर दी। जब कंस को देवकी के 8वें गर्भ की सूचना मिली तो उसने बहन और जीजा पर पहरा और कड़ा कर दिया। भाद्रपक्ष की कृष्णाष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में देवकी के गर्भ से श्रीकृष्ण ने जन्म लिया। उस समय घोर अंधकार छाया हुआ था तथा मूसलाधार वर्षा हो रही थी। तभी वसुदेव जी की कोठरी में अलौकिक प्रकाश हुआ। उन्होंने देखा कि शंख, चक्र, गदा और पद्मधारी चतुर्भुज भगवान उनके सामने खड़े हैं। भगवान के इस दिव्य रूप के दर्शन पाकर वसुदेव और देवकी उनके चरणों में गिर पड़े। तब उन्होंने वसुदेव से कहा, ह्यह्यअब मैं बालक का रूप धारण करता हूं। तुम मुझे तत्काल गोकुल में नंद के घर पहुंचा दो, जहां अभी एक कन्या ने जन्म लिया है। मेरे स्थान पर उस कन्या को कंस को सौंप दो। मेरी ही माया से कंस की जेल के सारे पहरेदार सो रहे हैं और कारागार के सारे ताले भी अपने आप खुल गए हैं। यमुना भी तुम्हें जाने का मार्ग अपने आप देगी। वसुदेव ने भगवान की आज्ञा पाकर शिशु को छाज में रखकर अपने सिर पर उठा लिया।

यमुना में प्रवेश करने पर यमुना का जल भगवान श्रीकृष्ण के चरण स्पर्श करने के लिए हिलोरें लेने लगा और जलचर भी श्रीकृष्ण के चरण स्पर्श के लिए उमड़ पड़े। गोकुल पहुंचकर वसुदेव सीधे नंद बाबा के घर पहुंचे। घर के सभी लोग उस समय गहरी नींद में सोये हुए थे पर सभी दरवाजे खुले पड़े थे। वसुदेव ने नंद की पत्नी यशोदा की बगल में सोई कन्या को उठा लिया और उसकी जगह श्रीकृष्ण को लिटा दिया। उसके बाद वसुदेव मथुरा पहुंचकर अपनी कोठरी में पहुंच गए। कोठरी में पहुंचते ही कारागार के द्वार अपने आप बंद हो गए और पहरेदारों की नींद खुल गई। कंस को कन्या के जन्म का समाचार मिला तो वह तुरन्त कारागार पहुंचा और कन्या को बालों से पकड़कर शिला पर पटककर मारने के लिए ऊपर उठाया लेकिन कन्या अचानक कंस के हाथ से छूटकर आकाश में पहुंच गई। आकाश में पहुंचकर उसने कहा, मुझे मारने से तुझे कुछ लाभ नहीं होगा। तेरा संहारक गोकुल में सुरक्षित है। यह सुनकर कृष्ण के मामा कंस के होश उड़ गए। वह कृष्ण को ढूंढ़कर मारने के लिए तरह-तरह के उपाय करने लगा। कंस ने उन्हें मारने के लिए अनेक प्रयास किए। उसने श्रीकृष्ण का वध करने के लिए अनेक भयानक राक्षस भेजे परन्तु श्रीकृष्ण ने उन सभी का संहार कर दिया। कंस का वध करने के बाद श्रीकृष्ण ने उसके पिता उग्रसेन को राजगद्दी पर बिठाया और अपने माता-पिता वसुदेव तथा देवकी को कारागार से मुक्त कराया। तभी से भगवान श्रीकृष्ण के जनमोत्सव की स्मृति में जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाने लगा। वास्तव में श्रीकृष्ण की लीलाओं को समझना पहुंचे हुए ऋषि-मुनियों और बड़े-बड़े विद्वानों के बूते से भी बाहर है। जन्माष्टमी का पर्व हमें प्रेरणा देता है कि हम अपनी बुद्धि और मन को निर्मल रखने का संकल्प लेते हुए अहंकार, ईर्ष्या और द्वेष रूपी मन के विकारों को दूर करें।

## खुद को असली कृष्ण कहता था राजा पौंड्रक, सुदर्शन चक्र जैसी हर वो चीज थी जो श्रीकृष्ण के पास थी



इस साल जन्माष्टमी के संबंध में पंचांग होने से दो दिन 18 और 19 अगस्त को ये पर्व मनाया जाएगा। द्वापर युग में भगवान विष्णु ने वसुदेव और देवकी के यहां श्रीकृष्ण के रूप में अवतार लिया था। श्रीकृष्ण के पास कई दिव्य शक्तियां थीं, उनके पास सुदर्शन चक्र, कौस्तुभ मणि, पाञ्चजन्य शंख था।

महाभारत और भागवत पुराण में राजा पौंड्रक के बारे में एक कथा बताई गई है। राजा पौंड्रक ने खुद को असली कृष्ण और विष्णु जी का अवतार कहता था। उसने भी अपना स्वरूप ठीक श्रीकृष्ण के जैसा बना रखा था। राजा पौंड्रक पुंड्र राजा का राजा था।

### राजा पौंड्रक के पास भी सुदर्शन चक्र

कुछ लोग ऐसा भी मानते हैं कि पौंड्रक काशी का राजा था। पौंड्रक मायावी विद्याओं का जानकार था। मायाबी विद्याओं की मदद से पौंड्रक ने नकली सुदर्शन चक्र बना लिया था। उसके पास भी कौस्तुम मणि के जैसी ही एक मणि थी। वह भी सिर पर मोरपंख लगाता, अपने बांसुरी रखता था। उसने खुद को श्रीकृष्ण की तरह बना लिया था और असली श्रीकृष्ण को नकली घोषित कर रखा था।

### पौंड्रक ने युद्ध के लिए ललकारा था श्रीकृष्ण को

श्रीकृष्ण भी राजा पौंड्रक के बारे में जानते थे। उन्होंने शुरूआत में पौंड्रक की गलतियों को क्षमा कर दिया था, लेकिन एक बार राजा पौंड्रक ने द्वारिका में श्रीकृष्ण को संदेश भेजा दिया कि मैं भगवान विष्णु का असली अवतार हूं। तुम द्वारिका छोड़कर भाग जाओ या फिर मुझसे युद्ध करो।

### श्रीकृष्ण ने किया था पौंड्रक का वध

राजा पौंड्रक का संदेश पाकर श्रीकृष्ण और बलराम उससे युद्ध करने के लिए पहुंच गए। युद्ध मैदान में श्रीकृष्ण और बलराम ने राजा पौंड्रक को देखा तो वे हैरान रह गए, क्योंकि पौंड्रक के पास भी वह सारी चीजें थीं, जो श्रीकृष्ण के पास थीं, और उसका स्वरूप भी श्रीकृष्ण की तरह ही था। श्रीकृष्ण ने पौंड्रक को युद्ध में पराजित कर दिया और उसका वध कर दिया।

### कभी किसी की नकल न करें

राजा पौंड्रक की कथा की सीख यही है कि हमें कभी भी किसी की नकल नहीं करनी चाहिए। असली हमेशा असली ही होता है। नकल करने के चक्कर हम खुद का ही नुकसान करते हैं। इस गलती से बचना चाहिए।

## जन्माष्टमी आज और कल : श्रीकृष्ण के साथ ही गौमाता की मूर्ति भी जरूर रखें

18 और 19 अगस्त को भगवान श्रीकृष्ण का प्रकट उत्सव मनाया जाएगा। इस साल भाद्रपद शुक्ल अष्टमी की तारीख को लेकर पंचांग भेद हैं। इस कारण श्रीकृष्ण जन्माष्टमी अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग दिन मनाई जाएगी। जन्माष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप बाल गोपाल यानी लड्डू गोपाल का विशेष अभिषेक किया जाता है। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक जन्माष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण की विशेष पूजा के साथ ही व्रत भी किया जाता है। इस दिन कृष्ण भक्त दिनभर अन्न ग्रहण नहीं करते हैं। कुछ लोग इस दिन सिर्फ फलों का और दूध का सेवन करते हैं।

- श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर व्रत-उपवास करना चाहते हैं तो इस दिन सुबह जल्दी उठना चाहिए। स्नान के बाद सूर्य को अर्घ्य अर्पित करें। श्रीकृष्ण ने अपने पुत्र सांब को सूर्य पूजा करने का महत्व बताया था।
- सूर्य पूजा के बाद घर के मंदिर में सबसे पहले प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की विधिवत पूजा करें। गणेश प्रतिमा पर जल चढ़ाएं, वस्त्र, चंदन, दूर्वा, हार-फूल अर्पित करें। भोग लगाएं। धूप-दीप जलाएं और आरती करें।
- गणेश पूजन के बाद भगवान श्रीकृष्ण का अभिषेक करने की तैयारी करनी चाहिए। कृष्ण पूजा में सबसे पहले आचमन करें यानी पूजा से पहले खुद हाथ साफ जल से धोएं, इसके बाद श्रीकृष्ण के हाथों के लिए जल अर्पित करें।
- बाल गोपाल को सुगंधित फूलों वाले जल से स्नान कराना चाहिए। इसके बाद केसर मिश्रित दूध से भगवान का अभिषेक करें। दूध को दक्षिणावर्ती शंख में भरें और भगवान को अर्पित करें।
- भगवान श्रीकृष्ण को पीतांबरधारी कहा जाता है, इसीलिए बाल गोपाल को पीले चमकीले वस्त्र पहनाएं। फूलों से श्रृंगार करें। सिर मोर पंख के साथ मुकुट पहनाएं।
- बाल गोपाल के अभिषेक में गौमाता की मूर्ति भी रखें। गौमाता का अभिषेक भी करें। गौमाता को भी वस्त्र अर्पित करें। इस दिन किसी गौशाला में धन और हरी घास का दान करना चाहिए।
- बाल गोपाल को सुंदर पीले और चमकीले आसन पर विराजित करना चाहिए। दूध, दही, घी, शहद और मिश्री मिलाकर पंचामृत बनाएं और चांदी के बर्तन में भरें, तुलसी के साथ भोग लगाएं।
- अभिषेक करते समय श्रीकृष्ण के मंत्र कृं कृष्णाय नमः का जप करते रहना चाहिए। पूजन में श्रीकृष्ण को दूर्वा, कुमकुम, चंदन, चावल, अबीर, सुगंधित फूल अर्पित करना चाहिए। ताजे फल, मिठाइयां, लड्डू, माखन-मिश्री, खीर, तुलसी के पत्ते चढ़ाएं।
- ध्यान रखें पूजा में गाय के दूध से बने घी, दही, मक्खन, पंचामृत का उपयोग करना चाहिए। दीपक के लिए भी गाय के दूध से बने घी का उपयोग करना चाहिए।
- बाल गोपाल की पूजा में राधा जी के नाम का भी जप करते रहना चाहिए।

## आज का राशिफल



**मेष:** दाम्पत्य सम्बन्धों में प्रेम भाव बढ़ेगा। व्यवसाय में काम की अधिकता के बाद भी काफी आनन्दित रहेंगे। आपके दृष्टिकोण में कुछ बदलाव उत्पन्न होगा। पुराने कर्जों को चुकाने के लिये समय बहुत अच्छा है। आपकी आर्थिक स्थिति बेहतरीन रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनन्द उठायेंगे

**वृष:** दूसरों के प्रति आपके मन में ईर्ष्या की भावना पनप सकती है। व्यर्थ के वाद-विवादों से आपको बचना चाहिये। कुछ लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं। खर्च अधिक होने से आपको बचत करने में परेशानी होगी। स्वास्थ्य के प्रति आपको सचेत रहना चाहिये।

**मिथुन:** नये प्रेम सम्बन्ध शुरू होने के योग बन रहे हैं। विद्यार्थियों को करियर में शानदार सफलता मिलेगी। अपने अधिकारों का प्रयोग सावधानी से करें। कोई रुका हुआ सरकारी काम शुरू हो सकता है। बॉस की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। परिवार के साथ आप शॉपिंग के लिये जा सकते हैं।

**कर्क:** आपके मनोबल और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। घर और कार्यक्षेत्र दोनों में सन्तुलन बनाकर रखने की आवश्यकता है। नयी योजनाओं को आज आप शुरू कर सकते हैं। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही नहीं करनी चाहिये। घर के लोगों के लिये कुछ उपहार ले सकते हैं। पहले किये गये निवेश से लाभ मिलेगा।

**सिंह:** ऑफिस में आपको परेशानी महसूस होगी। युवा लोगों को अपनी योग्यता का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। रिश्तेदारों के प्रति आपका रवैया उदार रहेगा। आपकी दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। आपको जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिये। व्यर्थ की यात्रा करने से आपको बचना चाहिये।

**कन्या:** कुछ महत्वपूर्ण काम अधूरे छूट सकते हैं। पुरानी नकारात्मक बातें आपको प्रभावित कर सकती हैं। नजदीकी लोगों द्वारा धोखा मिल सकता है। निजी समस्याओं का समाधान मिलेगा। कुछ लोग आपकी उदारता का गलत फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। सर्वाइकल में दर्द की समस्या हो सकती है।

**तुला:** व्यापार में नये साझेदार जुड़ सकते हैं। प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ आपके सम्पर्क मजबूत होंगे। बुद्धिमत्ता से समस्याओं का समाधान मिल जायेगा। आपके व्यवहार से लोग प्रसन्न रहेंगे। पारिवारिक रिश्तों को अच्छी तरह निभायेंगे। आपके रुके हुये काम पुनः गति पकड़ लेंगे।

**वृश्चिक:** मांगलिक योजनाओं पर धन खर्च करेंगे। महिलाओं को कब्ज की समस्या हो सकती है। कारोबार में आपको भागदौड़ ज्यादा करनी पड़ेगी। बिना सोचे-समझे अपनी बात किसी से न कहें। आपको माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिये। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा।

**धनु:** परिजन आपका उत्साहवर्धन करेंगे। साहित्य के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी। आज आपको किसी की गारंटी लेने से बचना चाहिये। अविवाहित लोगों को विवाह के प्रस्ताव मिल सकते हैं। बुजुर्ग लोगों को स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानी हो सकती है। आपको नया कार्य शुरू करने से बचना चाहिये।

**मकर:** कार्यक्षेत्र और घर दोनों ही जगह का वातावरण अच्छा रहेगा। धन की समस्या का निवारण होगा। बच्चे पढ़ाई में काफी व्यस्त रहेंगे। निर्णय लेते समय सिर्फ दिमाग ही नहीं बल्कि दिल की भी सुनें। नयी परिस्थितियों के लिये स्वयं को तैयार रखें। किसी प्राकृतिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं।

**कुंभ:** जीवनसाथी आपको अच्छी सलाह दे सकते हैं इसीलिये उस पर गौर अवश्य करें। आप तनावरहित महसूस करेंगे। बेरोजगारों को आय के स्थायी स्रोत मिलने के योग बन रहे हैं। जॉब में पदोन्नति के साथ ही स्थान-परिवर्तन की भी सम्भावना बन रही है। विरोधियों को हल्के में न लें।

**मीन:** किसी मामूली बात को लेकर बहसबाजी हो सकती है। लक्ष्य हासिल करने के लिये आपको बहुत मेहनत करनी पड़ेगी। सन्तान को लेकर आपको उत्तम लाभ होगा। यात्रा के दौरान आपको सावधानी रखनी चाहिये। आज बासी भोजन का सेवन करने से बचें। पाचन की समस्या हो सकती है। रुका हुआ धन वापस मिल सकता है।

## भगवान श्रीकृष्ण को पालने में झुलाने से पूर्ण होती हैं सभी मनोकामनाएं

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मदिवस को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के रूप में उल्लास के साथ मनाया जाता है। श्रावण महीने में कृष्ण पक्ष की अष्टमी को भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ था। इस दिन जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाता है। अगले दिन दही हांडी का आयोजन होता है। इस बार 18 अगस्त 2022 को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाया जाएगा। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण की विशेष पूजा-अर्चना होती है। मंदिरों से लेकर घरों में श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की झांकियां सजाई जाती हैं। पंचामृत समेत विशेष पकवानों का भोग लगाया जाता है। पंडित इंद्रमणि घनस्याल बताते हैं कि कृष्ण जन्माष्टमी पर बाल गोपाल को पालने में झुलाने से भक्तों की सारी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। जन्माष्टमी पर श्रीकृष्ण की पूजा करने से संतान प्राप्ति का सुख मिलता है।

### झूला झुलाने का विशेष महत्व

जन्माष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा करने के साथ उपवास रखने से कई व्रतों का फल मिल जाता है। इस दिन घरों और मंदिरों में झांकी भी सजाई जाती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जन्माष्टमी पर बाल गोपाल को झूला झुलाने का विशेष महत्व है। भगवान श्रीकृष्ण को झूला झुलाने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। ऐसा करने से संतान प्राप्ति, दीघार्यु और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।



### संतान प्राप्ति का वरदान

जैसा कि जन्माष्टमी का पर्व श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है, इसलिए कहा जाता है कि इस दिन भगवान श्रीकृष्ण के मंत्रों का जाप करने से अच्छी संतान प्राप्ति का वरदान मिलता है। जो दंपत्ति शीघ्र संतान प्राप्ति चाहते हों, उन्हें जन्माष्टमी पर घर में बाल गोपाल की प्रतिमा स्थापित करनी चाहिए। इसके बाद कान्हा जैसी सुंदर संतान की कामना करते हुए निम्न मंत्र का उच्चारण करना चाहिए।

मंत्र-

सर्वधर्मा-परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।
अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुच।।
देवकीसुतं गोविन्दम्वासुदेव जगत्पते।
देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गतः।।

## पूजा का खास मुहूर्त, पूजन सामग्री और विधि

हिन्दू धर्म में भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव यानी जन्माष्टमी का पर्व भव्य तरीके से मनाया जाता है। इस साल 18 अगस्त 2022 को जन्माष्टमी का पावन त्योहार मनाया जाएगा। ज्योतिष अनुसार इसी दिन ध्रुव और वृद्धि दो खास योगों का निर्माण हो रहा है। तो आइए जानते हैं भगवान कृष्ण की पूजा का शुभ मुहूर्त, पूजन सामग्री और संपूर्ण विधि...

### ⌘ जन्माष्टमी 2022 तिथि

पंचांग के अनुसार भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि का प्रारंभ गुरुवार, 18 अगस्त को रात्रि 09:20 बजे होगा और इसकी समाप्ति शुक्रवार, 19 अगस्त को रात्रि 10:59 बजे होगी।

### ⌘ जन्माष्टमी 2022 शुभ मुहूर्त

वहीं ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक, कृष्ण जन्माष्टमी की पूजा का शुभ मुहूर्त 18 अगस्त को रात्रि 12:03 बजे से लेकर 12:47 बजे तक रहेगा।

### ⌘ पूजन सामग्री

लड्डू गोपाल की मूर्ति, एक सिंहासन, पीले वस्त्र, मोरमुकुट, बांसुरी, छोटी गाय की मूर्ति, पीला चंदन, अक्षत, गंगाजल, पंचामृत, गाय का दूध, दही, शहद, एक खीरा, गाय का घी, दीपक, बाती, धूपबत्ती, तुलसी दल, माखन, मिश्री तथा अन्य भोग सामग्री।

### ⌘ जन्माष्टमी पूजा विधि

रात्रि 12 बजे शुभ मुहूर्त में लड्डू गोपाल को पंचामृत से स्नान करवाकर उन्हें नए पीले रंग के नए वस्त्र पहनाएं और उनका कुंडल, मुकुट, वैजयंती माला आदि से श्रृंगार करें। इसके बाद कान्हा जी को सिंहासन पर बिठाकर चंदन, अक्षत, पुष्प, नैवेद्य, फल आदि पूजन सामग्री अर्पित करें। इसके पश्चात कृष्ण भगवान की धूप, दीप से आरती करें। फिर माखन, मिश्री, तुलसी दल समेत सभी भोग सामग्री चढ़ाएं। मान्यता है कि जन्माष्टमी के दिन कान्हा जी को झूला झुलाने से वे प्रसन्न होते हैं। तत्पश्चात कान्हा जी के समक्ष हाथ जोड़कर मन में प्रार्थना करें। इसके बाद भोग बांटकर और स्वयं ग्रहण करके व्रत का पारण करें।

## श्रीकृष्ण को विषपान कराने वाली पूतना ने पूर्व जन्म में मुनि की पत्नी होकर दिया था धोखा



भगवान श्रीकृष्ण को विषपान करवाने वाली पूतना राक्षसी की कहानी तो सभी ने सुनी व कृष्ण लीलाओं में देखी होगी। पूतना एक विशालकाय राक्षसी थी। भगवान श्रीकृष्ण को मारने के लिए वह कंस के कहने पर गोकुल गई थी। एक सुंदर महिला का भेष बनाकर उसने यशोदा मैया के घर में प्रवेश किया और कान्हा को खिलाने के बहाने अपने स्तनों से विषपान कराने लगी। पर उल्टे बालरूप भगवान श्रीकृष्ण ने ही स्तनपान करते हुए उसका वध कर उद्धार कर दिया था।

**कथा एक:** आदि पुराण की कथा के अनुसार, प्राचीन काल में सरस्वती नदी के किनारे कक्षीवान नामक एक मुनि कठिन तपस्या कर रहे थे। जिनके आश्रम में कालभीरू नाम के एक तपस्वी अपनी स्त्री व पुत्री चारुमति के साथ आए। कक्षीवान व चारूमति में प्रेम होने पर दोनों का विवाह करवाकर कालभीरू पत्नी सहित वापस लौट गए। जिसके बाद दोनों कक्षीवान व चारूमति शास्त्रों के अनुसार भगवान विष्णु की पूजा में लग गए। पर जब कक्षीवान तीर्थ में चले गए तो एक दुष्ट पुरुष चारुमति को अपनी मीठी बातों में फंसाकर साथ ले गया। जब कक्षीवान तीर्थ से लौटे तो पता लगाकर वह चारुमति के पास पहुंचे। जहां उसने पति के साथ लौटने से मना कर दिया। इस पर क्रोधित हुए मुनि कक्षीवान ने उसे राक्षसी होने का श्राप दे दिया। कहा कि तूने मेरी वंचना करके एक धूर्त के साथ प्रेम किया। अतः उस दुष्ट के द्वारा दूषित होने के कारण तो राक्षस योनि को प्राप्त हो। कालांतर में करुणा सिंधु भगवान श्रीकृष्ण के उद्धार पर ही तेरी राक्षसी योनी छूटेगी। आदि पुराण के अनुसार इस वजह से चारूमति को द्वापर युग में पूतना राक्षसी की योनि प्राप्त हुई।

**कथा दो:** राजकन्या थी पूतना

दूसरी कथा के अनुसार पूतना पूर्वजन्म में राजा बलि की पुत्री रत्नमाला थी। जब भगवान विष्णु वामन अवतार में राजा बलि से भूमि दान लेने आए तो उनका मनोहारी रूप देखकर रत्नमाला का वात्सल्य प्रेम उमड़ आया। उसने वामन भगवान को पुत्र रूप में प्राप्त करने की कामना की। लेकिन, जब उन्हीं वामन रूप भगवान ने पिता बलि से तीन पग में समस्त भूमि ले ली तो क्रोधित होकर उसने भगवान को मन ही मन भला- बुरा कहना शुरू कर दिया।

### आवश्यक सूचना

दैनिक सिटी दर्पण में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) के तथ्यों के संबंध में हमारा कोई दायित्व नहीं हैं। हमारा समाचार पत्र उनके दावों को सत्यापित नहीं करता। हमारी पाठकों को सलाह है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्रवाई करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें।

# विराट कोहली के फेवरेट ऑलराउंडर को मिली पहली बार टीम इंडिया में जगह

## शाहबाज स्लो लेफ्ट आर्म ऑथोडीक्स गेंदबाज और बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** शाहबाज स्लो लेफ्ट आर्म ऑथोडीक्स गेंदबाज और बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। 29 फर्स्ट क्लास पारियों में 1041 रन बनाए हैं जिसमें एक शतक और 7 अर्धशतक है। उनके नाम फर्स्ट क्लास मैचों में 57 विकेट भी हैं। ऑलराउंडर शाहबाज अहमद को चोटिल वाशिंगटन सुंदर की जगह जिंबाब्वे के विरुद्ध तीन वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया। यह पहला अवसर है जब 27 वर्षीय शाहबाज को भारतीय टीम में जगह मिली। घरेलू क्रिकेट में गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों में शानदार प्रदर्शन की इनाम चयनकताओं ने उनको जिम्बाब्वे दौरे पर मौका देकर दिया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) के अनुसार, 'अखिल भारतीय सीनियर चयन समिति ने जिंबाब्वे के विरुद्ध तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए सुंदर की जगह अहमद को टीम में शामिल किया।' उन्हें इस साल आइपीएल में रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु की तरफ से अच्छा प्रदर्शन करने का पुरस्कार मिला। बंगाल के बायें हाथ के इस स्पिनर ने आइपीएल में 16 मैचों में 219 रन बनाए और चार विकेट लिए। विराट कोहली के पसंदीदा खिलाड़ियों में एक शाहबाज को बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में काफी मौके मिले।

हालिया रणजी सीजन में शाहबाज ने बंगाल की तरफ से खेलते हुए बेहद कमाल का प्रदर्शन किया था। अपनी टीम की तरफ से वह सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे जबकि विकेट लेने के मामले में भी संयुक्त रूप से पहले नंबर पर रहे थे। 5 मैच की 10 पारियों में 1 शतक के दम पर 482 रन बनाए थे। यह शतकीय पारी उन्होंने सेमीफाइनल में खेली थी। हालांकि टीम को इसके बाद भी हार मिली थी। गेंदबाजी करते हुए इस सीजन में उन्होंने 20 विकेट चटकाए थे।

**शाहबाज का क्रिकेट करियर :** शाहबाज स्लो लेफ्ट आर्म ऑथोडीक्स गेंदबाज और बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। 29 फर्स्ट क्लास पारियों में 1041 रन बनाए हैं जिसमें एक शतक और 7 अर्धशतक है। उनके नाम फर्स्ट क्लास मैचों में 57 विकेट भी हैं। वहीं 26 लिस्ट ए मैच 662 रन बनाने के साथ शाहबाज ने 24 विकेट हासिल किए हैं। इंडियन प्रीमियर लीग में रायल चैलेंजर्स बैंगलोर की तरफ से खेलने वाले इस खिलाड़ी ने 29 मैच में 13 विकेट लेने के साथ 279 रन बनाए हैं।

# साधना, ज्ञान, परविंद्र और प्रदीप ने जीती 100 मीटर दौड़



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**प्रयागराज।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 11 से 17 अगस्त तक चल रहे हर घर तिरंगा कार्यक्रम में आज राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सीमा सिंह ने किया।

इस अवसर पर आयोजित विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे। छात्राओं की 500 मीटर पैदल चाल प्रतियोगिता में शशि प्रथम, वनीता द्वितीय तथा मारिया तृतीय स्थान पर रही। महिला शिक्षिकाओं की 500 मीटर पैदल चाल प्रतियोगिता में डॉ. साधना श्रीवास्तव प्रथम, डॉ. नीता मिश्रा द्वितीय एवं प्रो.रुचि बाजपेई तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यदाई संस्था कर्मचारियों की 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में शुभम वर्मा प्रथम, हरिश्चंद्र द्वितीय एवं प्रवीण कुमार तृतीय स्थान पर रहे। नियमित शिक्षकों की 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में डॉ. ज्ञान प्रकाश यादव प्रथम, मनोज कुमार बलवंत द्वितीय एवं डॉ. सुरेंद्र कुमार तृतीय रहे। संविदा शिक्षकों की 100 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में परविंद्र कुमार वर्मा प्रथम, डॉ.गौरव संकल्प द्वितीय तथा डॉ. राघवेंद्र सिंह ने तृतीय स्थान पर जीत दर्ज की। कर्मचारी वर्ग में प्रदीप यादव प्रथम, राम प्रवेश यादव द्वितीय एवं ईश्वर नाथ विश्वकर्मा तृतीय विजेता रहे। छात्र वर्ग में आनंद कुमार ओझा प्रथम, अजय शंकर यादव द्वितीय एवं आदित्य यादव तृतीय रहे। इसके अतिरिक्त छोटे बच्चों की नींबू दौड़ प्रतियोगिता में अजीत प्रथम, सलोनी द्वितीय तथा प्रत्यूष तृतीय स्थान पर रहे। विश्वविद्यालय के कर्मचारियों ने रस्साकशी प्रतियोगिता में अपना बल प्रदर्शन करते हुए भरपूर जोर आजमाइश की, जिसमें विजेता टीम के सदस्यों पुनीत कुमार, ईश्वर नाथ विश्वकर्मा, राम प्रवेश यादव, मोहम्मद इमरान, अभिलाष कुमार, गुलाब बिंद, राजू, जावेद अली एवं राज पुष्पाकर को कुलपति प्रो. सीमा सिंह ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम की सफलता पर कुलपति प्रो.सीमा सिंह ने मीडिया प्रभारी डॉ. प्रभात चंद्र मिश्र, इंदु भूषण पाण्डेय एवं विजय यादव को मेडल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. पी.पी दुबे, प्रो. ओमजी गुप्ता, प्रो. आशुतोष गुप्ता, प्रो. जी.एस शुक्ल, प्रो. सत्यपाल तिवारी, प्रो. पीके स्टालिन, प्रो. पीके पाण्डेय, प्रो. संतोषा कुमार, प्रो. रुचि बाजपेई, प्रो. विनोद कुमार गुप्ता, प्रो. जयप्रकाश यादव आदि उपस्थित रहे।

# फखर जमां की बल्लेबाजी और नसीम शाह की गेंदबाजी ने पाकिस्तान को दिलाई बमुश्किल जीत




**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मैच पाकिस्तान ने 16 रन से जीत लिया है। हालांकि टीम को उम्मीद होगी कि वह नीदरलैंड के खिलाफ एक बड़ी जीत दर्ज करेगी लेकिन नीदरलैंड के बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया और 315 रनों का पीछा करते हुए अपनी टीम को 298 रनों तक पहुंचा दिया। इससे पहले पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान की टीम ने फखर जमां के शानदार शतक और बाबर आजम के 74 रनों की पारी के दम पर 6 विकेट खोकर 314 रन बनाए। फखर जमां ने 109 गेंदों पर 109 रनों की पारी खेली। इन दोनों बल्लेबाजों के अलावा शादाब खान ने आखिर में 28 गेंदों पर ताबड़तोड़ 48 रन बनाकर टीम के स्कोर को 300 के पार पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीदरलैंड की टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही और केवल 7 रन के स्कोर पर उसने अपन पहला विकेट गंवा दिया। टीम ने उसके बाद लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए लेकिन विक्रमजीत सिंह और टॉम कूपर की 65-65 रनों की पारी की बदौलत टीम 298 रन तक पहुंचने में कामयाब रही। पाकिस्तान की तरफ से हैरिस रउफ और नसीम शाह ने 3-3 विकेट हासिल किए। इस जीत के साथ पाकिस्तान ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। सीरीज का दूसरा मैच 18 अगस्त, गुरुवार को खेला जाएगा। नीदरलैंड के खिलाफ पाकिस्तान की यह सीरीज इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि एशिया कप के बड़े मैच से पहले उनके लिए अपनी टीम को जज करने का यह आखिरी मौका है। 27 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप में पाकिस्तान की टीम अपने अभियान की शुरूआत टूनामेंट के डिफेंडिंग चैंपियन और सबसे फेवरेट मानी जाने वाली भारत के खिलाफ करेगा। दोनों टीमों के बीच यह मैच उसी मैदान पर खेला जाएगा जहां पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान ने टीम इंडिया को 10 विकेट से हराया था।

# डब्ल्यूबीबीएल के आठवें सत्र में सिडनी सिक्सर्स की कप्तान होंगी एलिसे पेरी

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एलिसे पेरी ने महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) क्लब सिडनी सिक्सर्स के साथ अपने करार को बढ़ा दिया है और प्रतियोगिता के आठवें सत्र में क्लब का नेतृत्व करेंगी।

पेरी सिक्सर्स की एक फाउंडेशन सदस्य हैं, जिन्होंने डब्ल्यूबीबीएल 02 और डब्ल्यूबीबीएल 03 में खिताबी जीत सहित प्रमुख महिला घरेलू प्रतियोगिता के सभी संस्करणों में क्लब का नेतृत्व किया है। पेरी ने कहा कि उन्होंने कभी भी किसी अन्य डब्ल्यूबीबीएल फ्रैंचाइजी के लिए खेलने के बारे में नहीं सोचा था। पेरी ने बर्मिंघम से एक बयान में कहा, एक और डब्ल्यूबीबीएल सीजन के लिए सिक्सर्स में बने रहना बहुत प्यारा है। क्लब मेरे करियर का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है, और मुझे इस बात पर विशेष रूप से गर्व है कि टीम ने पिछले सात वर्षों में मैदान पर और बाहर दोनों जगह बहुत कुछ हासिल किया है। उन्होंने कहा, मैं वास्तव में इस सीजन की चुनौती और घर पर फिर से खेलने का अवसर मिलने पर उत्सुक हूं। इस सीजन में पेरी और उनकी अनुभवी साथी जैसे एलिसा हीली और ऐश गार्डनर पहली बार नए कोच इंग्लैंड की चार्लोट एडवर्ड्स के मार्गदर्शन में खेलेंगी। एडवर्ड्स ने कहा कि पेरी क्लब का नेतृत्व करने के लिए स्वाभाविक रूप से फिट हैं। एडवर्ड्स ने कहा, मुझे खुशी है कि पेरी ने सिक्सर्स के साथ अनुबंध विस्तार किया है और डब्ल्यूबीबीएल 08 में उनके साथ मिलकर काम करने को लेकर बहुत उत्साहित हूं। उन्होंने कहा, पेरी लंबे समय से दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक रही है और सिडनी सिक्सर्स के ताने-बाने का हिस्सा है।

# आइएल टी-20 :अबू धाबी नाइट राइडर्स ने की टीम की घोषणा, कैरिबियाई खिलाड़ियों का दिखेगा दम



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** यूएई में होने वाले पहले इंटरनेशनल टी20 लीग के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स ग्रुप की टीम अबू धाबी नाइटराइडर्स ने अपने टीम की घोषणा कर दी है। इस टीम में द रसल मसल आंद्रे रसल, सुनील नरेन और जॉनी बेयरस्टो को साइन किया गया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के स्वामित्व वाली एडीकेआर ने मंगलवार को अपनी टीम की घोषणा की। आपको बता दें कि कोलकाता नाइटराइडर्स की टीम ने कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) के लिए एक और टीम त्रिनिबागो नाइट राइडर्स भी खरीदी है।

टीम में आयरलैंड के सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग, श्रीलंका के खिलाड़ी लाहिरू कुमारा, चरिथ असलांका और सीकुगे प्रसन्ना, दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी कॉलिन इनग्राम, वेस्टइंडीज के खिलाड़ी अकील होसेन, रवि रामपॉल और रेमन रीफर, जमैका के केनार लुईस, यूएसए के अली खान, नीदरलैंड के ब्रैंडन ग्लोवर भी शामिल हैं। इस मौके पर केकेआर के सीईओ वेंकी मैसूर ने कहा कि 'यह देखना बेहद दिलचस्प है कि हमारा ग्लोबल फुटप्रिंट लगातार हमाने विजन और स्टेटजी को आगे बढ़ा रहा है। आइपीएल में केकेआर, सीपीएल में टीकेआर (त्रिनिबागो नाइट राइडर्स) और इंटरनेशनल टी20 में अबू धाबी नाइट राइर्स की टीम हमारे पास है।' यह और भी अच्छा है कि हमारे साथ एडीकेआर के टीम में हमारे मुख्य आधार- सुनील नरेन और आंद्रे रसेल जुड़े हैं। हम वास्तव में खुश हैं कि जॉनी बेयरस्टो नाइट राइडर्स परिवार में शामिल हो गए हैं और आइएल टी20 में एडीकेआर के सफर में एक बड़ी भूमिका निभाएंगे। हम इस बात की भी खुशी है कि अकील होसेन, रवि रामपॉल, अली खान, कॉलिन इनग्राम और सीकुगे प्रसन्ना, जो पहले टीकेआर का भी हिस्सा रहे हैं अब एडीकेआर का हिस्सा हैं।' 'इसके साथ ही हम रपॉल स्टर्लिंग, चरिथ असलंका, केनार लुईस, लाहिरू कुमारा, रेमन रीफर और ब्रैंडन ग्लोवर का नाइट राइडर्स परिवार में स्वागत करते हैं। उम्मीद है कि क्छ्ळ20 एक रोमांचक टूनामेंट साबित होगा और फैंस को प्रतिस्पर्धी मैचों के अलावा ढेर सारा मनोरंजन देखने को मिलेगा।'

# आईपीओ लाएगी डिजिट इंश्योरेंस, सेबी के पास जमा हुआ ड्राफ्ट प्रॉस्पेक्टस

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** साल 2021 में यूनिकॉर्न का दर्जा हासिल करने वाली कंपनी डिजिट इंश्योरेंस ने भी पूंजी बाजार में उतरने की तैयारी शुरू कर दी है। अपना आईपीओ लाने के लिए कंपनी ने मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हियरिंग प्रॉस्पेक्ट्स (डीआरएचपी) जमा करा दिया है। इस ड्राफ्ट प्रॉस्पेक्ट्स के मुताबिक कंपनी आईपीओ के तहत 1,250 करोड़ रुपये मूल्य के नए शेयर जारी करेगी। इसके अलावा कंपनी के 10.94 करोड़ शेयर ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के तहत बेचे जाएंगे।

ड्राफ्ट प्रॉस्पेक्ट्स में कंपनी की ओर से दी गई जानकारी के आधार पर माना जा रहा है कि डिजिट इंश्योरेंस के आईपीओ का कुल आकार 3,500 करोड़ रुपये तक का भी हो सकता है। सेबी के पास जमा किए गए ड्राफ्ट प्रॉस्पेक्ट्स में बताया गया है कि कंपनी के प्रमोटर और कई शेयर होल्डर आईपीओ के जरिए अपनी हिस्सेदारी बेचेंगे। आईपीओ के जरिए अपनी हिस्सेदारी बेचने वालों में कंपनी के प्रमोटर गो डिजिट इंफोवर्क्स सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के साथ ही ज्वायंट होल्डर सुब्रमण्यम वासुदेवन और शांति सुब्रमण्यम, निकिता मिहिर वखारिया और मिहिर अतुल वखारिया तथा निकुंज हीरेंद्र शाह और सोहाग हीरेंद्र शाह शामिल हैं। डिजिट इंश्योरेंस की ओर से पिछले महीने ही बताया गया था कि कंपनी अपने आईपीओ के बारे में शेयर बाजार की स्थिति को देखकर आखिरी फैसला लेगी। माना जा रहा है कि ये कंपनी

# कैट ने की लॉट्स के मेट्रो कैश एंड कैरी खरीद सौदे को रोकने की मांग की

**कारोबारी संगठन कैट ने थाइलैंड की कंपनी पर नियम तोड़ने का लगाया अरोप**

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने लॉट्स द्वारा मेट्रो कैश एंड कैरी खरीद सौदे को रोकने की मांग की है। कैट ने थाइलैंड के सियाम मैक्रो पब्लिक लिमिटेड कंपनी के स्वामित्व वाले लॉट्स होलसेल सॉल्यूशंस के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की है। कैट ने इसको लेकर केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को एक पत्र लिखा है। कारोबारी संगठन ने वाणिज्य एवं उदयोग मंत्री पीयूष गोयल और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लिखे पत्र में सियाम मैक्रो पब्लिक कंपनी लिमिटेड के स्वामित्व वाले लॉट्स होल्सेल पर एफडीआई और फेमा से संबंधित कानूनों और जीएसटी कानून के उल्लंघन के गंभीर आरोप लगाए हैं। सियाम मैक्रो थाईलैंड के सीपी समूह की एक कंपनी है, जो भारत में मेट्रो कैश एंड कैरी खरीदने की कोशिश कर रहा है।

कारोबारी संगठन कैट ने लॉट्स एवं मेट्रो द्वारा कैश एंड कैरी व्यवसाय की आड़ में बीटूसी व्यवसाय को खुले तौर पर संचालित करने को फेमा और जीएसटी कानूनों का पूर्ण उल्लंघन बताया है। कैट ने सरकार से इस कानून का उल्लंघन करने वाले मामले पर तत्काल संज्ञान लेने और मौजूदा कानून के मुताबिक लॉट्स के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने बताया कि इन बड़ी वैश्विक कंपनियों की अवैध प्रथाओं की वजह से लाखों छोटी किराना दुकानें बंद हो गई हैं, जो सीमित संसाधनों के साथ संगठित अवैध मल्टी-ब्रांड खुदरा व्यापार से नहीं लड़ सकती हैं। लॉट्स जैसी कंपनियां कैपिटल डंपिंग और प्रीडेटरी प्राइसिंग पर आधारित हैं। यह अत्यंत खेदजनक है कि सियाम मैक्रो सुधारात्मक कार्रवाई करने के बजाय, मेट्रो एजी को खरीदने की योजना बना रहा है, जो पिछले कई वर्षों से एफडीआई नीति और फेमा के पूर्ण उल्लंघन पर निर्मित व्यवसाय को बेचकर भारत से बाहर निकलने की कोशिश में है। खंडेलवाल ने कहा कि इस तरह सियाम मैक्रो, जो खुद कानून का एक बड़ा उल्लंघनकर्ता है, एक अन्य विदेशी कंपनी को देश से बाहर निकलने का रास्ता प्रदान करेगा, जिसने अपने अवैध व्यवसाय के आधार पर और छोटे व्यापारियों और किराना दुकानों की कीमत पर अपना मूल्यांकन अर्जित किया है।

# बंद हो चुकी एलआईसी पॉलिसी को फिर से शुरू कर सकेंगे पॉलिसीधारक

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** बंद हो चुकी पॉलिसी फिर से शुरू करने का एक और मौका दे रही है। जिन लोगों की पॉलिसी बंद हो गई है या जो किसी वजह से पॉलिसी नहीं चला पाए थे वे अब दोबारा अपनी पॉलिसी को शुरू कर सकेंगे। अपने ग्राहकों को बड़ी राहत देते हुए एलआईसी 17 अगस्त से 21 अगस्त 2022 तक बंद हो चुकी या बीच में छूट गई पॉलिसीज को पुनर्जीवित करने का अभियान चलाने जा रही है। इसके अंतर्गत ग्राहक अपनी लैप्स हो चुकीं एलआइसी पॉलिसी को फिर से रिन्यू कर सकेंगे। इसमें सभी गैर-यूलिप पॉलिसी कवर की जाएंगी। लैप्स पॉलिसीज को फिर से करने के लिए ग्राहकों को लेट फीस में आकर्षक रियायत दी जाएगी। इस अभियान के तहत यूलिप को छोड़कर सभी पॉलिसीज को भुगतान न किए गए पहले प्रीमियम की तारीख से 5 वर्षों के भीतर पुनर्जीवित किया जा सकता है। माइक्रो इंश्योरेंस पॉलिसी के लिए विलंब शुल्क में 100 फीसद छूट दी जाएगी। दरअसल, यह अभियान उन पॉलिसी धारकों के लाभ के लिए शुरू किया गया है जो किसी कारणवश प्रीमियम का भुगतान करने में सक्षम नहीं थे और उनकी पॉलिसी लैप्स हो गई थी। यूलिप योजनाओं को छोड़कर ऐसी सभी पॉलिसी जो प्रीमियम भुगतान अवधि के दौरान लैप्स हो चुकी हैं और रिवाइवल की तारीख तक पूरी नहीं हुई हैं, उनको फिर से शुरू किया जा सकता है। 1 लाख रुपये तक के कुल प्रीमियम के लिए लेट फीस में 25 प्रतिशत की रियायत दी जा रही है।

**फायदा** | 'मेटा वर्कप्लेस' का अब फायदा उठा पाएंगे एयर इंडिया के कर्मचारी

# कम्युनिकेशन नेटवर्क स्थापित करने के लिए मेटा सॉफ्टवेयर वर्कप्लेस को कामकाज के लिए चुना

**ऑनलाइन ग्रुपवर्क के लिए किया गया वर्कप्लेस लॉन्च**

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** कंपनी की कोशिश है कि इस सॉफ्टवेयर टूल के जरिए कंपनी अपने सभी कमार्चारियों के साथ आसानी से तालमेल बैठा सकें। कंपनी के मुताबिक इस सॉफ्टवेयर का सबसे ज्यादा फायदा एयर इंडिया के कर्मचारियों को ही मिलने वाला है। एयर इंडिया कंपनी ने कम्युनिकेशन नेटवर्क स्थापित करने के लिए प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी मेटा सॉफ्टवेयर वर्कप्लेस को कामकाज के लिए चुना है। समाचार एजेंसी पीटीआइ के मुताबिक, कंपनी की कोशिश है कि मेटा सॉफ्टवेयर, वर्कप्लेस के जरिए एयर इंडिया में कार्यरत सभी कर्मचारी सुचारु रूप से अपना काम कर सकें। इसके अलावा कंपनी की कोशिश है कि इस सॉफ्टवेयर टूल के जरिए कंपनी अपने सभी कमार्चारियों के साथ आसानी से तालमेल बैठा सकें। कंपनी के मुताबिक, इस सॉफ्टवेयर का सबसे ज्यादा फायदा एयर इंडिया के कर्मचारियों को ही मिलने वाला है। बता दें कि वर्कप्लेस मेटा प्लेटफॉर्म्स द्वारा विकसित एक ऑनलाइन सहयोगी सॉफ्टवेयर टूल है। यह ऑनलाइन ग्रुपवर्क, इंस्टेंट मैसेजिंग,




वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और समाचार साझा करने की सुविधा प्रदान करता है। 'वर्कप्लेस' की पहली बार 14 जनवरी, 2015 को घोषणा की गई थी। अक्टूबर 2016 में आधिकारिक तौर पर लॉन्च होने से पहले इसे फेसबुक एट वर्क के रूप में बीटा में लॉन्च किया गया था। गौरतलब है कि कंपनी की कोशिश है कि इस सॉफ्टवेयर वर्कप्लेस के जरिए एयर इंडिया को विश्व स्तरीय निजी एयरलाइन बनाने की ओर कदम बढ़ाया जाए। एयर इंडिया ने कहा 11,000 से अधिक कर्मचारियों के साथ जुड़ने के लिए एक सॉफ्टवेयर वर्कप्लेस (रङ्क३६१ हङ्क१'स्त्रॅी) को चुना है। एयर इंडिया ने बताया कि मेटा की मदद से कंपनी के कर्मचारियों को एक दूसरे के साथ हमेशा सूचनाओं के जरिए जुड़े रहने में मदद मिलेगी। एयर इंडिया के मुताबिक, कंपनी की कार्यशैली में भी बदलाव देखी जाएगी, जहां पदानुक्रम (ीं१ूँ८) जैसी पुरानी व्यवस्था को कम किया जाएगा। एयर इंडिया को सबसे पहले जेआरडी टाटा ने 1932 में टाटा एयरलाइंस के नाम से लॉन्च किया था। 1946 में इसका नाम बदल कर एयर इंडिया कर दिया गया। उसके बाद साल 1954 में सरकार ने टाटा से एयर इंडिया को खरीदकर उसका राष्ट्रीकरण कर दिया।

# सरकार ने हिंदुस्तान जिंक बेचने के लिए 5 कंपनियों का किया चुनाव

**हिंदुस्तान जिंक में बची हुई 29.53 फीसदी हिस्सेदारी बेचेगी सरकार**




**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड में अपनी बची हुई 29.53 फीसदी हिस्सेदारी बेचने की तैयारी में है। इसके प्रबंधन के लिए पांच कंपनियों को चुना गया है। एक अधिकारिक सूत्र ने यह जानकारी दी। दरअसल वित्त मंत्रालय के निवेश और लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) ने जुलाई की शुरूआत में हिंदुस्तान जिंक की शेष बची हुई हिस्सेदारी बेचने के प्रबंधन के लिए मर्चेंट बैंकरों से बोलियां आमंत्रित की थीं। इसी के तहत इन 5 कंपनियों में आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज, एक्सिस कैपिटल और सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट, एचडीएफसी बैंक और आईआईएफएल सिक्योरिटीज निवेश बैंकर का चुनाव किया गया है। हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड में भारत सरकार की 29.53 फीसदी हिस्सेदारी बेचने के लिए करीब 6 मर्चेंट बैंकरों ने बिक्री के प्रबंधन की पेशकश की थी। इनमें से पांच कंपनियों को इसके लिए चुना गया है। ये कंपनियां मुख्य रूप से सरकार के साथ शेयर बिक्री प्रस्तावों का प्रबंधन करेंगे। चयनित मर्चेंट बैंकर विनिवेश के समय पर सरकार की सहायता करने के साथ निवेशकों की प्रतिक्रिया प्राप्त करेंगे। साथ ही नियामकों से मंजूरी प्राप्त करने के अलावा निवेशकों के साथ प्रचार-प्रसार के लिए बैठक भी आयोजित करेंगे। उल्लेखनीय है कि आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीई) ने मई में हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड में सरकार की पूरी 29.5 फीसदी हिस्सेदारी बेचने की मंजूरी दी थी। इस विनिवेश से सरकार को करीब 38 हजार करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है। इससे पहले सार्वजनिक क्षेत्र की हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड, जो खनन मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में था। इसका निजलकरण वर्ष 2002 में कर दिया गया था।

# छुट्टियां खत्म होते ही धड़ाम हुई 'लाल सिंह चड्ढा', शो कैंसिल होने से कलेक्शंस जमीन पर

लाल सिंह चड्ढा का ऐसे गिरना फिल्म इंडस्ट्री को शॉक कर रहा है। हालत यह है कि सिनेमाघरों में इसके शोज कैंसिल हो रहे हैं। आमिर जैसे सुपरस्टार की फिल्मों का यह हाल एक अलग ही कहानी बयां कर रहा है। आमिर खान की फिल्म लाल सिंह चड्ढा को लेकर बेहद निराशाजनक खबर है। मंगलवार को छुट्टियां खत्म होने के बाद फिल्म के कलेक्शंस में जबरदस्त गिरावट दर्ज की गयी। रिपोर्ट्स यह भी हैं कि कई जगहों पर शोज कैंसिल भी करने पड़े हैं। लाल सिंह चड्ढा का यह हाल देखकर माना जा रहा है कि फिल्म का बॉक्स ऑफिस सफर जल्द खत्म हो सकता है। आमिर की यह फिल्म बॉलीवुड की सबसे बड़ी असफलताओं में शामिल होने जा रही है। कलेक्शंस के मामले में लाल सिंह चड्ढा का हाल ठग्स ऑफ हिंदोस्तान से भी खराब है। आमिर ने अपने करियर में कई सुपरहिट फिल्में दी हैं। उन्हें फिल्म बिजनेस का ट्रेंड सेटर माना जाता है। 100, 200, 300 करोड़ क्लब की शुरूआत करने का श्रेय भी आमिर को ही दिया जाता है। इसलिए लाल सिंह चड्ढा का इस तरह नकार दिया जाना, ट्रेड को भी हैरान कर रहा है। बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के अनुसार, लाल सिंह चड्ढा के कलेक्शंस में मंगलवार को लगभग 85 फीसदी की गिरावट आयी है। फिल्म के 70 फीसदी शोज कैंसिल हुए। इस रिपोर्ट की मानें तो मंगलवार यानी रिलीज के छठे दिन लाल सिंह चड्ढा ने 2 करोड़ से भी कम नेट कलेक्शन किया है। इससे पहले सोमवार तक फिल्म 45.83 करोड़ नेट कलेक्शन कर चुकी थी। इसमें मंगलवार के कलेक्शंस जोड़ दें तो छह दिनों का नेट कलेक्शन लगभग 47-48 करोड़ होगा। ऐसे में फिल्म से अब बहुत उम्मीदें नहीं बची हैं। लाल सिंह चड्ढा की पहले हफ्ते में कमाई 50 करोड़ के आस-पास रहने की सम्भावना है। आमिर की पिछली फिल्म ठग्स ऑफ हिंदोस्तान से ही अगर इसकी तुलना करें तो भी लाल सिंह चड्ढा के बॉक्स ऑफिस नतीजे ज्यादा निराशाजनक हैं। 2019 में रिलीज हुई ठग्स ऑफ हिंदोस्तान ने 50 करोड़ की रिकॉर्ड ओपनिंग ली थी और पहले वीकेंड में ही फिल्म ने 119 करोड़ का नेट कलेक्शन कर लिया था, जबकि पहले हफ्ते में फिल्म की कलेक्शन 134 करोड़ हो गया था। इसके बाद ठग्स ऑफ हिंदोस्तान दम तोड़ती चली गयी और 145 करोड़ के आस-पास लाइफ टाइम कलेक्शन करके फ्लॉप घोषित की गयी। इस लिहाज से लाल सिंह चड्ढा पहले दिन से ही घिसट रही है। 11 अगस्त को रक्षा बंधन के मौके पर रिलीज हुई फिल्म ने 11.50 करोड़ की ओपनिंग ली थी।




# तौबा ये मतवाली चाल...



# चार महीनों में सात बॉलीवुड फिल्में उलट सकती हैं बॉक्स ऑफिस का गणित

इस साल बॉलीवुड फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर हाल बेहद खराब है। तकरीबन हर बड़े कलाकार की फिल्म फ्लॉप हो रही है। बॉलीवुड के सबसे बड़े सुपरस्टार्स में शामिल अक्षय कुमार बॉक्स ऑफिस पर लगातार पस्त हो रहे हैं। सम्राट पृथ्वीराज और बच्चन पांडेय के बाद रक्षा बंधन उनकी तीसरी फिल्म है, जो दर्शकों को आकर्षित करने में विफल रही है। सबसे ज्यादा शॉकिंग आमिर खान की लाल सिंह चड्ढा का ना चलना है। कई सालों की मेहनत और बड़ा बजट भी फिल्म को बचा नहीं सका। हालत यह है कि रिलीज के पांच दिनों में भी फिल्म 50 करोड़ के लिए तरस रही है। लाल सिंह चड्ढा और रक्षा बंधन की इस नाकामी से ट्रेड बेहद हैरान और परेशान है। एक अनिश्चितता की स्थिति पैदा हो गयी है। मगर, उम्मीद अभी बाकी है। साल के बचे हुए चार महीनों में कुछ फिल्में ऐसी आने वाली हैं, जिनके बड़ी सक्सेस की उम्मीद की जा सकती है। 9 सितम्बर को अयान मुखर्जी निर्देशित फिल्म ब्रह्मास्त्र रिलीज होने वाली है। यह एक एडवेंचर-थ्रिलर फिल्म है, जिसमें रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, अमिताभ बच्चन, मौनी रॉय और नागार्जुन जैसे बड़े सितारे नजर आएंगे। फिल्म के ट्रेलर और गानों को ठीक-ठाक रिस्पॉन्स मिला है। इस फिल्म का सबसे बड़ा आकर्षण इसका जॉनर है। दक्षिण भारत में एडवेंचर, थ्रिलर और माइथोलॉजी को मिलाकर फिल्में बनती रही हैं, लेकिन हिंदी में ऐसा कम ही हुआ है। ऐसे में ब्रह्मास्त्र हिंदी दर्शकों के लिए एक नया मसाला पेश कर सकती है। वहीं, पैन इंडिया रिलीज भी फिल्म को अतिरिक्त दर्शक दिलवा सकती है। इस फिल्म को साउथ के कई दिग्गज कलाकारों का समर्थन हासिल है। हालांकि, ब्रह्मास्त्र का अभी से सोश मीडिया में बायकॉट शुरू हो गया है। 30 सितम्बर को ऋतिक रोशन और सैफ अली खान की विक्रम वेधा रिलीज होगी। इस फिल्म के इंतजार की सबसे बड़ी वजह खुद ऋतिक रोशन हैं, जिनके फैंस इस फिल्म का बेताबी से इंतजार कर रहे हैं। वहीं, ऋतिक और सैफ की जोड़ी भी दर्शकों को लुभा सकती है। विक्रम वेधा इसी नाम से आयी तमिल फिल्म का आधिकारिक रीमेक है। हालांकि, लाल सिंह चड्ढा के समर्थन में ट्वीट करने की वजह से ट्विटर पर बायकॉट विक्रम वेधा ट्रेंड हो गया था। अक्षय कुमार की तीन फिल्में इस साल ना चली हों, मगर राम सेतु उनके लिए गेमचेंजर बन सकती है।



# अनन्या पांडे ने वन पीस ड्रेस में शेयर की तस्वीरें

अनन्या पांडे अपनी फिल्म लाइगर के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इन दिनों वो अभिनेता लाइगर अभिनेता विजय देवरकोंडा साथ फैंड टूर्स के तहत देशभर में फिल्म का प्रमोशन कर रही हैं। अब उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर प्रमोशन के दौरान की लेटेस्ट तस्वीरें साझा की हैं। एक्ट्रेस अनन्या पांडे अपनी पहली पैन इंडिया फिल्म लाइकर को लेकर सुर्खियों में हैं। इन दिनों वो लाइगर को-स्टार विजय देवरकोंडा के साथ मिलकर फैंड टूर्स के तहत देश के कोने-कोने में जाकर फिल्म का प्रमोशन कर रहे हैं। अब उन्होंने लाइगर प्रमोशन के दौरान की तस्वीरें साझा की है, जिसमें वो ब्लू कलर की वन पीस ड्रेस में पोज देती नजर आ रहे हैं। अनन्या की इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है। फोटोज को अब तक (खबर लिख जाने तक) साढ़े तीन लाख से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं और कमेंट कर रिएक्ट कर रहे हैं। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों पर नव्य नवेली नंदा, सुहाना खान, अमृता अरोड़ा और महीप कपूर ने भी कमेंट कर अनन्या के लुक की तारीफ की है। आपको बता दें, पुरी जगन्नाथ के निर्देशन में बनी फिल्म लाइगर की कहानी फाइटर के संघर्ष के इर्द-गिर्द घूमती हुई दिखाई देगी। विजय देवरकोंडा मुंबई की सड़कों पर बॉक्सिंग शुरू कर एमएमए चैंपियन तक का सफर पूरा करते हुए नजर आएंगे। फिल्म में विजय देवरकोंडा के साथ अनन्या पांडे मुख्य किरदार में नजर आएंगी। साथ ही फिल्म में किक बॉक्सिंग चैंपियन माइक टायसन भी कैमियो कर रहे हैं। विजय देवरकोंडा और अनन्या पांडे अभिनीत इस फिल्म का निर्माण करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले किया गया है। ये फिल्म अब से 10 दिन बाद 25 अगस्त को हिंदी के साथ-साथ तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में भी रिलीज होगी। वहीं, बात अगर उनके वर्कफ्रंट की करें तो वो लाइगर के अलावा जोया अख्तर, रीमा कागती और सिंह द्वारा लिखित खो गए हम कहां में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म की कहानी मुंबई के तीन दोस्तों के इर्द गिर्द घूमती है, जो पर्दे की दुनिया में खो जाते हैं।



# ओए की वेखदैं ? कुड़ीयां ने देखीयां कदे...



# अक्षय कुमार ने अपने 'क्राइम-इन-पार्टनर' को अलग अंदाज में दीं जन्मदिन की शुभकामनाएं

अक्षय कुमार ने अपने क्राइम-इन-पार्टनर सैफ अली खान को खास अंदाज में जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही एक वीडियो भी साझा किया है जिसमें वो मै खिलाड़ी तू अनाडी के एक गाने पर मस्ती भरा डांस करते हुए भी दिख रहे हैं। सैफ अली खान मंगलवार को अपना 52वां जन्मदिन मना रहे हैं।

इस खास मौके पर उनके चाहने वाले उन्हें अपने अलग अंदाज में बधाई दे रहे हैं। इसी बीच बॉलीवुड खिलाड़ी अक्षय कुमार ने अपने क्राइम इन पार्टनर-इन-क्राइम सैफ अली खान को इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा कर बर्थडे की शुभकामनाएं दी हैं। इस वीडियो में अक्षय कुमार अपनी फिल्म के गाने मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी के गाने पर थिरकते हुए दिखा जा सकता है। वीडियो को शेयर कर उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, 28 साल हो गए हैं लेकिन सेल्फी के लिए मैं खिलाड़ी तू अनाडी की धुन पर फिर से नाचना अभी भी सबसे प्यारी यादें ताजा करता है। खासतौर पर तब जब ओरिजिनल में मेरे पार्टनर-इन-क्राइम, सैफ अली खान का जन्मदिन है।





वो सोशल मीडिया पर तो नहीं है लेकिन फिर भी बधाई पहुंच जाती हैं। हैप्पी बर्थडे भाई। अक्षय कुमार से पहले सैफ अली खान की छोटी बहन सोहा अली खान ने अपने भाई के बर्थडे बैश की तस्वीरें साझा की थी। इन तस्वीरों में देखा जा सकता है कि, सैफ अली खान अपनी दोनों बहन, पत्नी और तीनों बेटों इब्राहिम, तैमर, जेह के साथ केक काटते हुए दिख रहे हैं।

वहीं, बात अगर उनके वर्कफ्रंट की करें तो वो राम सेतु के अलावा बैक-टू-बैक कई फिल्मों में नजर आने वाले हैं, जिसमें सेल्फी, सोरारई पोटरू जैसी बड़ी फिल्मों में मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। अभिनेता को आखिरी बार आनंद एल राय द्वारा निर्देशित फिल्म रक्षा बंधन में देखा गया है। उनकी ये फिल्म भाई-बहन के अट्ठ बंधन और प्यार पर आधारित होगी। अभिनेता ने ये फिल्म अपनी बहन अलका भाटिया को समर्पित की है।

# माही श्रीवास्तव और आरोही भारद्वाज का धमाकेदार लोकगीत 'ननदो के भासन' हुआ रिलीज

आपको बता दें कि वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स जितेंद्र गुलाटी प्रस्तुत संघर्ष 2 का पहला शेड्यूल बैंकॉक में खत्म हो चुका है। इस फिल्म में खेसारी लाल यादव के साथ माही श्रीवास्तव नजर आने वाली है। बहुत ही कम समय में दर्शकों के दिलों पर राज करने वाली भोजपुरी सिनेमा की सुपरहॉट और बोल्ड अभिनेत्री माही श्रीवास्तव इन दिनों बैंकॉक में भोजपुरी के सुपरस्टार हिट मशीन खेसारी लाल यादव के साथ अपनी अपकमिंग भोजपुरी फिल्म 'संघर्ष 2' की शूटिंग खत्म करके भारत लौट आई है। इसी बीच माही श्रीवास्तव का नया सांग 'ननदो के भासन' वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से जारी कर दिया गया है। इस सांग को सिंगर आरोही भारद्वाज ने गाया है। इस धमाकेदार लोकगीत में माही को उनकी ननद कैसे परेशान कर रही है। यही दिखाया गया है कि कैसे ननद भाभी को अपने हाथ के इशारे पर नाचती है। जिसकी शिकायत माही अपने ऑनस्क्रीन पति से कर रही है। गाने में बैकग्राउंड डांसरों का भरपूर प्रयोग किया गया है. सांग में माही के एक्सप्रेशन बहुत ही कमाल के नजर आ रहे हैं। इसमें इन्होंने ज्यादा डांस तो नहीं किया लेकिन अपनी आंखों के इशारों से बहुत कुछ कह दिया है। गाने को रिच लोकेशन पर फिल्माया गया है। वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स प्रेजेंट 'ननदो के भासन' लोकगीत की गायिका आरोही भारद्वाज ने अपनी खास शैली में गाया है। इसके लिरिक्स निक्की निहाल ने लिखे हैं। संगीत प्रियांशू सिंह ने दिया है। गाने का निर्माण निमार्ता रत्नाकर कुमार ने किया है। इसका निर्देशन गोल्डी जायसवाल ने किया है। सांग का प्रचार डब्ल्यूडब्ल्यूआर टीम कर रही है।



# दीपिका पादुकोण ने शेयर की लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें

**एक्ट्रेस दीपिका** पादुकोण इन दिनों अपनी आगामी फिल्मों को लेकर काफी चर्चा में रहती हैं। अब उनकी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं जिसमें अपने फोटोशूट की तैयारी करती दिख रही हैं। पद्मावत, राम लीला, चेन्नई एक्सप्रेस, बाजीराव मस्तानी जैसी फिल्मों से लोगों का दिल जीतने वाली एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण अपनी एक्टिविटी के चलते फैंस के बीच काफी चर्चा में रहती हैं। साथ ही वो अपने प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ से जुडे अपडेट भी साझा करती रहती हैं। अब मंगलवार को उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरें साझा की है, जिसमें वो अपने फोटोशूट के दौरान मस्ती करती हुई दिख रही हैं। इन तस्वीरों में दीपिका अपने फोटोशूट के लिए तैयार होते हुए पोज देती दिख रही हैं। तस्वीरों में एक्ट्रेस को मुस्कुराते हुए दिखा जा सकता है जबकि अन्य लोग उन्हें फोटोशूट के लिए तैयार कर रहे हैं। इन तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर शेयर कर बाजीराव एक्ट्रेस ने लिखा, मेरा मतलब हमेशा सेट पर बिजनेस से होता है। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को अब तक (खबर लिखें जाने तक) पांज लाख से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं और कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। हाल ही में दीपिका पादुकोण ने पठान से अपना फर्स्ट लुक रिलीज शेयर किया था, जिसमें वो अपने हाथों में एक गन लिए हुए दिख रही हैं। एक्ट्रेस के इस फर्स्ट लुक को देखकर मालूम होता है कि, पठान में शाह रुख खान के साथ धमाकेदार एक्शन करते हुए नजर आ सकते हैं। वहीं, बात अगर उनके वर्कफ्रंट की करें तो वो मोस्ट अवेटेड फिल्म पठान में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में शाह रुख खान मुख्य किरदार में नजर आने वाले हैं। हालांकि दीपिका की भूमिका के बारे में फिल्म निमार्ताओं ने खुलासा नहीं किया है। पठान ने शाह रुख खान और दीपिका पादुकोण के अलावा अभिनेता जॉन अब्राहम भी नजर आने वाले हैं। ये फिल्म अगले साल जनवरी में गणतंत्र दिवस वीकेंड के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पठान के अलावा एक्ट्रैस प्रोजेक्ट के, द इंर्टन, फाइटर में भी मुख्य किरदार भूमिका में नजर आने वाली हैं।

मनमोहक स्माइल ने जीता फैंस का दिल

